
दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 291 | जयपुर, शनिवार, 30 सितंबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## तथ्य बताते सत्य
**नं 1 राजस्थान हेतु**
## सड़क निर्माण में बढ़ते कदम

### सड़क निर्माण पर व्यय

| तब 2014 - 2018 | अब 2019 - अगस्त 2023 |
|---|---|
| 28384 करोड़ | ₹34292 करोड़ |
| 70,279 किमी. | ₹1.12 लाख किमी. निर्मित एवं निर्माणाधीन |



राजस्थान संवाद

सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान

## जरूरी खबर

### 'आप' कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर बांटे गारंटी कार्ड



**जयपुर।** आम आदमी पार्टी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गारंटी को लेकर डोर-टू-डोर कार्यक्रम चला रही है। शुक्रवार को श्रीगंगानगर में हुए कार्यक्रम में प्रदेश के सह प्रभारी और पंजाब विधायक अमनदीप सिंह मुसाफिर, प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल के अलावा प्रदेश महासचिव विश्वेंद्र सिंह भी शामिल हुए। आप नेताओं ने रायसिंहनगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर जाकर गारंटी कार्ड वितरित किए। इस दौरान लोगों को केजरीवाल की ओर से किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया। पंजाब विधायक मुसाफिर ने कहा कि दिल्ली में सत्ता की कुर्सी पर बैठने के बाद से चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र क्रांतिकारी बदलाव लाए गए हैं।

### अखिल भारतीय महिला समन्वय की बैठक आज

**जयपुर।** महिला समन्वय की अखिल भारतीय बैठक शनिवार से केशव विद्यापीठ, जामडोली में शुरू होगी। इस दो दिवसीय बैठक में पूरे देश से लगभग 300 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। प्रांत संयोजिका डॉ. मंजू शर्मा ने बताया कि इस बैठक में देशभर में होनेवाले महिला सम्मेलनों के बारे में आगामी योजना बनेगी और होनेवाले सम्मेलनों के आयोजन पर चर्चा होगी। बैठक में संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश जोशी (भैय्याजी जोशी), सह सरकार्यवाह अरुण कुमार भी सम्मिलित होंगे। राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शांताक्का, मार्गदर्शिका गीता ताई गुंडे,अखिल भारतीय संयोजिका मिनाक्षी पेशवे भी बेठक में भाग लेंगी।

### महिला की हत्या कर जलाया शव, नही हुई शिनाख्त



**जयपुर।** शहर के कानोता थाना इलाके में शुक्रवार को एक महिला की जली हुई लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी फूलचंद मीणा ने बताया कि पापड़ रोड स्थित मीणों के बाढ़ के पास एक महिला की जली हुई लाश सड़क के किनारे पड़ी मिली थी। जिसके बाद शव को अपने कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि अपराधी ने महिला की हत्या कर पहचान छुपाने के इरादे से जलाने का प्रयास किया गया है। वहीं देर रात तक मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस मौके से साक्ष्य जुटाकर जांच ने जुट गई है ।

---

**देव शरण में पूर्व सीएम राजे:** बरवा डूंगरी गांव स्थित सेन महाराज के मंदिर में पदयात्रा समापन में कहा...

# भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती, भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे ने कहा कि प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार आएगी और फिर से विकास होगा। रुके हुए विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि संकट के समय भगवान हर स्तर पर भक्तों की मदद करते हैं। जैसे भगवान श्री कृष्ण ने सेन महाराज का रूप धारण कर उनकी की। भगवान कि भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। भगवान के घर देर हो पर अंधेर नहीं होती। वसुंधरा ने यह बात अलवर की बलदेवगढ़ पंचायत के बरवा डूंगरी गांव स्थित सेन महाराज के मंदिर में समाज की ओर से आयोजित पदयात्रा समापन समारोह में शामिल होकर कही।

## जब मंदिर और संतों की शरण में जाती हूं तो लोग मेरी हंसी उड़ाते हैं



### अभी सड़कों के हालात खराब

अलवर के टहला एरिया स्थित नारायणी माता क्षेत्र में सैन समाज की पदयात्रा और सम्मेलन हो रहा है। इसमें देश भर से सैन समाज के लोग शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में गुरुवार रात को पहुंची राजे ने कहा कि अभी सड़कों के हालात खराब हैं। लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही लोगों को बेहतर सड़कें मिलेगी। राजे ने कहा कि कि मैं जब मंदिर और संतों की शरण में जाती हूं, तो लोग मेरी हंसी उड़ाते हैं, लेकिन संत के माध्यम से ही भगवान तक पहुंचा जा सकता हैं। मंच से राजे ने कहा कि संत समाज ने हमेशा से उनका साथ दिया है। इसलिए आज वो एक मुकाम पर हैं। वहीं कहा कि उनसे जो संत समाज ने कहा है और मांगा है, उन्होंने हमेशा से समाज को दिया है। जब-जब उनकी सरकार रही प्रदेश का खूब विकास हुआ।

### सेन समाज की तारीफ की

राजे ने कहा कि भगवान ने दुनिया बनाई दुनिया में लोग बने। उन लोगों को सुंदर बनाने का काम सेन समाज ने किया है। धर्म आधारित व्यक्ति के जीवन में संघर्ष रहता है, पर जीत उसी की होती हैं। क्योंकि वह सबको साथ लेकर चलता हैं। सम्पूर्ण समाज को अपना परिवार मानता है। सेन महाराज में ऐसे ही गुण थे।

### फिर दुराचार के दुःखद समाचार !

राजे ने सोशल मीडिया पर लिखा और कांग्रेस को घेरा। उन्होंने लिखा कि जयपुर जमवारामगढ़ क्षेत्र में जहां एक महिला का अधजला शव मिला है। वहीं भरतपुर में एचएचओ द्वारा महिला से दुष्कर्म का घिनौना मामला सामने आया है। यह कांग्रेस सरकार के कुशासन की इंतेहा है। जहां सरकार अपराधियों का संरक्षण कर मौन बैठी है, वहीं रक्षक ही बेटियों की अस्मत के भक्षक बने हुए हैं। कांग्रेस तो अब होगा न्याय की बात करती थी। लेकिन बीते पांच वर्षों में इस अकर्मण्य सरकार ने राजस्थान जैसे स्वाभिमानी प्रदेश को अत्याचार और अन्याय क्षेत्र के रूप में बदल दिया है। हमारे प्यारे प्रदेश को मातृशक्ति के लिए अभिशाप बनाकर रख दिया है। राजे से देवी सिंह भाटी ने की मुलाकात वहीं करीब 5 साल बाद भाजपा में फिर से शामिल हुए देवी सिंह भाटी ने शुक्रवार को वसुंधरा राजे से मुलाकात की। भाजपा में वापसी के बाद यह उनकी पहली मुलाकात रही।

---

**भाजपा ने कहा:** बयान वापस नहीं लिया तो करेंगे कानूनी कार्रवाई

# गहलोत की योजनाओं से बनी आर्थिक आपातकाल की स्थिति

**बेधड़क** | जयपुर

उपराष्ट्रपति के दौरों को लेकर दिया बयान अगर सीएम अशोक गहलोत वापस नहीं लिया तो हम वैधानिक कार्रवाई करेंगे। यह बात शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कही। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस की राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला और प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं को लेकर कहा कि गहलोत की योजनाओं से प्रदेश में आर्थिक आपातकाल की स्थिति बन गई हैं।

यहीं कारण है कि पैसे की कमी के कारण ट्रेजरी से बिल तक पास नहीं हो रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि यह सरकार जो योजना लेकर आई है, उसका कोई वित्तीय प्रावधान नहीं किया गया हैं। ऐसे में जब हमारी सरकार बनेगी तो यह योजनाएं बंद होनी ही है।

सिर्फ यह सरकार सपने बेचने का काम कर रही हैं। राजेंद्र राठौड़ ने सरकार की योजनाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस 2 हजार करोड़ खर्च करके चुनावी मैदान में है। बिना किसी वित्तीय प्रावधान के नित नई घोषणाएं कर रही हैं। हजारों करोड़ की योजनाओं पर मात्र 200-300 करोड़ रुपए का बजट है। यह योजनएं आगे कैसे बढ़ेंगी। राठौड़ ने कहा कि कुछ दिनों बाद आचार संहिता लगने के बाद योजनाएं बंद करने का हवाला दे देंगे, जबकि योजना चलाने के लिए बजट ही नहीं हैं। कांग्रेस राजस्थान की इकोनॉमी की स्थिति पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी बनाकर जाने वाली हैं।



### महिला अपराधों को लेकर बोला हमला

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में लगातार महिलाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहें हैं। इसकी शुरुआत 2018 के बाद से हुई, जब एक पति के सामने उसकी पत्नी के साथ दुराचार होता है, जब उस घटना का वीडियो सामने आता है तब मामला उजागर होता है, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण इस मामले को दबाया जाता है, दलित समाज की महिला को न्याय देने की बजाय पीड़ित के साथ अत्याचार होता है। राजस्थान के प्रत्येक कोने में चाहे एम्बुलेंस, स्कूल और यहां तक की न्याय मांगने जाने वाली पीड़िता से उसकी अस्मत की मांग की जाती है। अगर कई मामलों में भाजपा संगठन ओर जनता आंदोलन व धरना प्रदर्शन नहीं करती तो वह मामले भी दबे के दबे रह जाते। राठौड़ ने कहा कि यह राजस्थान का दुर्भाग्य है की जयपुर के जमवारामगढ़ में महिला का जला हुआ शव मिलने जैसी घटनाएं रोज घटित हो रही हैं।

### निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग

भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ और प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को केंद्रीय चुनाव आयुक्त से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चुनाव आयोग से प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

### दुश्मन न करें दोस्त ने वो काम किया है: राजेन्द्र राठौड़

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान कि अब तो राजस्थान में राष्ट्रपति का आना बाकी हैं। इस पर राठौड़ ने कहा कि हमारे संवैधानिक प्रमुख पर इस तरीके की टीका टिप्पणी करना अनुचित व अशोभनीय हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ऐतराज है, लेकिन वे उपराष्ट्रपति को अपना मित्र बताते हैं। सीएम ने न्यायपालिका पर भी अशोभनीय टिप्पणी की थी और बाद में उन्होंने अपना बयान वापस लें लिया था। बयान वापस लेना उनके लिए बड़ी बात नहीं हैं। सीएम गहलोत कांग्रेस प्रभारी रंधावा को किस हैसियत से कोटा में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में लेकर गए। महंगाई राहत कैम्पों का उद्घाटन, गैर संसदीय काम करना मुख्यमंत्री की फितरत है। अगर सीएम ने बयान वापस नहीं लेंगें तो कानूनी कार्रवाई करेंगे।

---

**राजस्थान को देंगे सौगातें**

# जैसलमेर से दिल्ली के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी



**बेधड़क** | जयपुर

पीएम नरेंद्र मोदी 5 साल बाद जोधपुर आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान में एक के बाद एक चुनावी दौरे कर रहे हैं। पीएम मोदी 2 अक्टूबर को चित्तौड़गढ़ और 5 अक्टूबर को जोधपुर के दौरे पर होंगे। जोधपुर में पीएम मोदी कई सौगातें देंगे।

वे नई ट्रेन के साथ ही डबलिंग वर्क को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही एयरपोर्ट के नए भवन का शिलान्यास करेंगे। मोदी जैसलमेर से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे वहीं मारवाड़ जंक्शन से कामली घाट के लिए हेरिटेज ट्रेन की सौगात देंगे। मोदी रेलवे के दो डबलिंग प्रोजेक्ट का भी इनोग्रेशन करेंगे जिसमें कुचामन से राइकाबाग और कुचामन से डेगाना स्टेशन तक ट्रेक का दोहरीकरण होगा। वहीं वे जोधपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के रैनोवेशन वर्क को भी हरी झंडी दिखाएंगे। जोधपुर आईआईटी में आयोजित कार्यक्रम डेडिकेटिंग आईआईटी टू नेशन का इनॉगरेशन करेंगे।

वहीं भारतमाला प्रोजेक्ट के गंगानगर फेज का इनॉगरेशन भी वर्चुअल करेंगे। वहीं जोधपुर में पीएम दौरे की तैयारियों को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर सर्किट हाउस में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी राजस्थान आते हैं, तब राजस्थान के लोगों को सौगात देकर जाते हैं। सीएम को इससे घबराहट और खिसियाहट होती है। लगता है सीएम ने अपनी हार को स्वीकार कर लिया है।

---

**कार्मिक विभाग ने जारी किए आदेश**

# राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों के तबादले

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कार्मिक विभाग ने शुक्रवार रात को राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों के तबादले किए। सूची के अनुसार उपखंड अधिकारी के पद पर वीरमा राम को आबूरोड, सुरेश कुमार को साबला, लाखाराम को बौलीं, सुबोध सिंह चारण रायपुर, सुनील कुमार किशनगढ़बास, पूजा मीणा शाहाबाद, पूरण कुमार शानी को सराड़ा, नारायण लाल जीनगर करेड़ा, किशन मुरारी मीणा छीपाबड़ौद तथा गुरु प्रसाद तंवर को वजीरपुर लगाया गया हैं। वहीं दूसरी सूची में रामचंद को आयुक्त नगर परिषद श्री गंगानगर, रवि शर्मा को एसडीएम भिनाय, सवीना शर्मा को उपायुक्त सीएडी आईजीएनपी बीकानेर, सुनीता कुमारी खटीक को सहायक कलेक्टर बानसूर, रजनी माधीवाल को सहायक निदेशक लोक सेवाएं, प्रशासनीक सुधार एवं समन्वय विभाग अजमेर लगाया गया हैं।

### दो महिला आरएएस अधिकारी निलंबित

सरकार के आदेशों की अवहेलना करने पर कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को दो महिला आरएएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित आरएएस निधि नारनोलिया और अंजना सहरावत को अब अपनी उपस्थिति कार्मिक विभाग में देनी होगी। जानकारी के अनुसार तबादला होने के बाद इन दो अधिकारियों ने बीमारी का हवाला देते हुए नई जगह ज्वाइन नहीं किया। इस पर कार्मिक विभाग की ओर से उन्हें नोटिस देकर जवाब भी मांगा गया था। विभाग के आदेशों की अनदेखी करने पर दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

---

**माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग की बैठक में एसीएस ने कहा...**

# औद्योगिक क्षेत्रों को दें प्राकृतिक गैस सेवाएं

**बेधड़क** | जयपुर

औद्योगिक क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसे लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम वीनू गुप्ता की अध्यक्षता में आरएसजीएल की 37वीं संचालक मंडल की बैठक आयोजित गई।

इसमें उन्होंने कहा कि इससे ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलने के साथ ही औद्योगिक प्रतिष्ठानों में विद्युत वितरण निगमों से विद्युत आपूर्ति पर निर्भरता कम होगी और विद्युत लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने आरएसजीएल के कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुए और अधिक एग्रेसिव मार्केटिंग पर जोर दिया है। इधर वित्त सचिव राजस्व डॉ. कृष्णाकांत पाठक ने कहा कि सीएनजी-पीएनजी गैस उपयोग से लागत सहित होने वाले लाभों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए आरएसजीएल को अवेयरनेस गतिविधियां संचालित करनी चाहिए।



आरएसजीएल के प्रबंध संचालक रणवीर सिंह ने बताया कि अप्रैल से अगस्त तक पांच माह में 1646 नए पीएनजी कनेक्शन और 13 वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आरएसजीएल द्वारा कोटा में गैस लाइन डालने सहित आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नए गैस कनेक्शन जारी करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। प्रबंध संचालक ने विश्वास दिलाया कि आरएसजीएल की गतिविधियों और कार्यों को तेजी से विस्तारित किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों तक सेवाएं उपलब्ध कराने के समन्वित कदम उठाए जाएंगे।

---

**भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने की राजनीतिक दलों के साथ समीक्षा बैठक**

# जल्द हो सकता है प्रदेश चुनाव की तारीख का ऐलान

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनावों की जल्द ही तारीख तय करेगा। चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम शुक्रवार को दोपहर राजधानी पहुंची। यहां उन्होंने राजनीतिक दलों के साथ बैठक भी की।

इधर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांड्ेय और निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों का जायजा लिया और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त, आयुक्तगण व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसके बाद आयोग ने एन्फोर्समेंट एंजेंसियों जैसे राज्य पुलिस, सीपीएफ, आयकर, आबकारी, परिवहन, वाणिज्यिक कर विभाग, राज्य की लीड बैंक के समन्वयक, रेलव, केंद्रीय सुरक्षा बल, आबकारी, आयकर, परिवहन, वाणिज्य कर, प्रमुख बैंक, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो और एयरपोर्ट के उच्चाधिकारियों से विधासनभा चुनाव- 2023 के संबंध में चर्चा की।




इस दौरान राज्य स्तर पर आगामी विधानसभा को लेकर अब तक की गई तैयारियों पर आयोग के समक्ष पावर पॉइंट प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। टीम ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों का फीडबैक लिया । इस मौके पर उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू, धर्मेन्द्र शर्मा, नितेश व्यास, अजय भादू, हृदयेश कुमार, महानिदेशक बी नारायण, संयुक्त निदेशक अनुज चांडक और सचिव सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आज करेंगे जिलेवार समीक्षा

प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दौरे के दूसरे दिन सभी जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, सभी संभागीय आयुक्त तथा समस्त पुलिस रेंज के महानिरीक्षक के साथ बैठक कर विधानसभा आम चुनाव-2023 की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। इसके पश्चात शाम 7 बजे मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा में निर्वाचन विभाग की ओर से लगाई स्वीप प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

---

# जयपुर में बनेगा प्रवासी भवन, बैठक में हुई चर्चा



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान फाउंडेशन की 11वीं कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उषा शर्मा ने राजस्थान फाउंडेशन के परोपकारी परियोजनाओं से संबंधित 271 करोड़ रुपये के 17 एलओआई की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार से जुड़े इन महत्वपूर्ण एलओआई के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर धरातल पर मूर्त रूप प्रदान के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रवासियों के लिए किए जा रहे कार्यों को प्रमुखता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि चूरू जिले में 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के लिए भूमि आवंटन से संबंधित कार्य पूरा हो चुका है। मुख्य सचिव ने आगामी तीन महीने में राजस्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 291 जयपुर, शनिवार, 30 सितंबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### राष्ट्रपति ने महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी है। इस विधेयक के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान है। विधि मंत्रालय की शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति ने गुरुवार को विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इसे अब आधिकारिक तौर पर संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम के रूप में जाना जाएगा। इसके प्रावधान के अनुसार, 'आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित केंद्र सरकार की अधिसूचना की तारीख से यह प्रभावी होगा।'

### सीनियर आईएएस वीनू गुप्ता रेरा की चेयरपर्सन नियुक्त



**जयपुर।** राज्य सरकार ने आईएएस वीनू गुप्ता को राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) का चेयरपर्सन नियुक्त किया है। यह पद अप्रैल 2023 से खाली पड़ा था। वीनू गुप्ता वर्तमान में एमएसएमई में अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर कार्यरत हैं। उन्हें अभी नए पद पर जॉइन करने के लिए वीआरएस लेना पड़ेगा। वैसे, वे इसी साल दिसंबर में सेवानिवृत्त होंगी। नगरीय विकास विभाग से जारी आदेशों के अनुसार वीनू गुप्ता का कार्यकाल 5 साल या 65 की उम्र पूरी होने तक रहेगा। वीनू गुप्ता 1987 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**एशियन गेम्स:** 8 स्वर्ण सहित 33 मेडल झोली में डाल भारत पहुंचा चौथे स्थान पर, 200 पदकों के साथ चीन टॉप पर

# 17 साल की पलक को गोल्ड, 18 की ईशा को चौथा मेडल

**एजेंसी** | हांगझोउ

भारत के युवा निशानेबाजों का एशियाई खेलों में सोना जीतने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा जब दो स्वर्ण और तीन रजत का इजाफा करके उन्होंने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। पिछले छह दिन में भारतीय निशानेबाजों ने छह स्वर्ण और सात रजत समेत 18 पदक जीते हैं। इससे पहले एशियाई खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 दोहा खेलों में था जब 14 पदक जीते थे। पलक गूलिया और ईशा

## ■ भारतीय निशानेबाजों का एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

वहीं, टीम वर्ग में 18 वर्ष की ईशा (579), पलक (577) और दिव्या टीएस (575) का कुल स्कोर 1731 रहा। इसके बाद 22 वर्ष के ऐश्वर्य ने व्यक्तिगत राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में रजत पदक जीता। साथ ही, पलक और ईशा ने व्यक्तिगत वर्ग में एक दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए शीर्ष दो स्थान



हासिल किए, 17 वर्षीय पलक ने स्वर्ण और ईशा ने रजत पदक जीता। पलक का यह अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। उसने फाइनल में 242.1 स्कोर किया जो एशियाई खेलों में रिकॉर्ड है। ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत भी जीता है। यह ईशा का चौथा पदक है। पलक ने बाद में कहा, 'किसी से भी कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। मैं खुद ही अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी हूं। मैं हमेशा खुद को ही चुनौती देती हूं।'

### टेनिस में सिल्वर, स्क्वॉश और शॉटपुट में ब्रॉन्ज

इसके बाद टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने सिल्वर हासिल किया। फिर स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने ब्रॉन्ज दिलाया। दिन का आखिरी मेडल वुमंस शॉटपुट इवेंट में किरण बालियान ने 17.36 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रह कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।



### पुरुष निशानेबाजों ने भी जीता सोना

पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (591), स्वप्निल कुसाले (591) और अखिल श्योराण (587) टीम में थे, जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया। अगले साल पेरिस ओलंपिक में पदक उम्मीद स्वप्निल और तोमर ने क्वालीफिकेशन में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए 591 स्कोर किया।

**सीएम बरसे भाजपा पर:** पीएम नरेंद्र मोदी राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करवाएं, बोले...




# कार में जाते समय नींद खुलते ही समझो कि गुजरात आया

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पीएम नरेन्द्र मोदी से पांचवां कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करें। यह बात गहलोत ने शुक्रवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश विश्व गुरु तब बनेगा, जब भुखमरी खत्म होगी। असमानता खत्म होगी। सबको स्वास्थ्य और शिक्षा का अधिकार मिलेगा। मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। सबको सोशल सिक्योरिटी मिलनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा स्कीम केवल 5 लाख तक की है और उसका लाभ भी आमजन को नहीं मिल पर रहा है। केंद्र हमारी तरह 25 लाख का बीमा लागू करें। जब राज्य सरकार इसे लागू कर सकती है तो केंद्र क्यों नहीं कर सकता?'

गहलोत ने कहा कि राजस्थान लगातार विकास कर रहा है। यहां कांग्रेस ने राज्य को बदल दिया है। एक समय था जब गुजरात से गाड़ी में आते समय किसी की नींद खुलती थी तो समझते थे कि राजस्थान आ गया। अब हमारी सरकार ने इसको बदल दिया है। अब राजस्थान से जाते वक्त नींद खुल जाए तो समझो गुजरात आ गया, क्योंकि हमारी सड़कें शानदार हैं और गुजरात की खराब।

## ■ मुख्यमंत्री बोले... इस बार चुनाव मैं नहीं, जनता लड़ रही है, हम रिपीट करेंगे

## सीएम ने सांगलिया धूणी में की पूजा-अर्चना

### केंद्र सरकार भी कर्जा लेकर ही चलती है

सीएम गहलोत ने कहा कि हमारे को लेकर भाजपा गलत प्रचार कर रही है। केंद्र सरकार भी कर्जा लेकर चलती है। कर्जा तय लिमिट में मिलता है। हर राज्य कर्ज लेता है। बिना केंद्र के अनुमति के एक रुपए का कर्ज नहीं ले सकते। हमारी कैपेसिटी के अनुसार से कर्ज लेते हैं।

### लोग कह रहे हैं, हमारी बन रही है सरकार

सीएम ने कहा कि इस बार चुनाव मैं नहीं, जनता लड़ रही है। आप लोग लड़ रहे हो। चुनाव में हम तो कैंपेन करेंगे ही करेंगे, पर जनता इस बार खुद चुनाव मैदान में उतरेगी। सरकार वापस रिपीट करेगी। मुझे यह विश्वास है। लोग कह रहे हैं, हमारी सरकार बन रही है।

### हमारी स्कीमें बंद करती है भाजपा

गहलोत ने कहा कि बद्रीनाथ-केदारनाथ में जो आपदा आई, उसमें अनाथ हुए बच्चों को कांग्रेस सरकार ने नौकरी देने का फैसला लिया, सरकार बदली तो स्कीम भी खत्म कर दी गई। जो लोग नौकरी पर लगाए गए थे, उनको भी हटा दिया गया। गायों को लेकर विभाग बनाने वाला एकमात्र राज्य राजस्थान है, जो गहलोत सरकार में बना। यह लोग सिर्फ गायों की बातें करते हैं, जबकि कांग्रेस सरकार गोशाला में 9 महीने का अनुदान दे रही है।

### सांगलिया धूणी पर मिलती है प्रेरणा

सीएम गहलोत ने इस दौरे में सीकर जिले की सांगलिया धूणी में आशीर्वाद भी लिया। यहां पर पूजा-अर्चना की और महंत ओमदास महाराज से मुलाकात की। उनके साथ पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा भी थे। गहलोत ने कहा कि सांगलिया धूणी पर आकर मुझे अच्छी प्रेरणा मिलती है। यहां के संतों ने शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत काम किया है और कॉलेज और स्कूल बनवाए हैं। महंत ओमदास महाराज से बंद कमरे में हुई मुलाकात को लेकर कहा कि हमने धार्मिक चर्चा की।

**राजस्थान उगलेगा सोना:** ई-ऑक्शन की राह खुली

# 1,34,178 करोड़ रुपए के स्वर्ण भंडार संभावित

## हाई कोर्ट में प्रतिपक्षी का आवेदन खारिज

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य में सोने की खान के ऑक्शन होने की राह खुल गई है। बांसवाड़ा के भूखिया जगपुरा क्षेत्र में स्वर्ण के विपुल भंडार मिलने के साथ ही इस माइंस का ऑक्शन न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के कारण नहीं हो पा रहा था। एसीएस माइंस पेट्रोलियम एवं उद्योग वीनू गुप्ता ने बताया कि हाई कोर्ट में राज्य सरकार द्वारा प्रभावी तरीके से राज्य का पक्ष रखने का परिणाम रहा कि प्रतिपक्षी का आवेदन खारिज हो गया। अब राज्य की पहली स्वर्ण खान की नीलामी हो सकेगी।

खान, पेट्रोलियम व गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने बताया कि सीएम अशोक गहलोत के निर्देश से खनिज ब्लॉक्स की ई-नीलामी पर जोर दिया गया है। अब सोने की खान की नीलामी के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

यहां अनुमानित स्वर्ण, तांबा और कोबाल्ट व निकल के डिपोजिट हैं। यहां 1,34,178 करोड़ रुपए के स्वर्ण भंडार और 7,720 करोड़ के तांबे के भंडार संभावित हैं।



### 223.63 टन सोना मिलने की संभावना


निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि इस क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन के दौरान 15 ब्लॉक्स में 171 बोर होल्स में 46,037.17 मीटर ड्रिलिंग करने पर स्वर्ण भंडार पाए गए। 14 ब्लॉक्स में 1.945 ग्राम/टन के लगभग 114.76 मिलियन टन सोने के भंडार का आकलन किया गया है। इस क्षेत्र मं 223.63 टन स्वर्ण धातु मिलने की संभावना हैं।

**चेतावनी:** 2 अक्टूबर से करेंगे बेमियादी हड़ताल

# दो घंटे पेट्रोल पंप बंद रखकर डीलर्स ने जताया विरोध

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के 6,700 पेट्रोल पंपों पर शुक्रवार को भी डीलर्स ने रात 8 से 10 बजे तक लाइट और बिक्री बंद करके विरोध जताया। पेट्रोलियम डीलर्स का कहना है कि यदि राजस्थान सरकार हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं करेगी तो 1 अक्टूबर को सुबह 6 से शाम 6 बजे तक सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इसके बाद भी हमारी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया तो 2 अक्टूबर से बेमियादी हड़ताल पर जाएंगे। डीलर्स की मांग है कि प्रदेश सरकार की ओर से वैट कम करके पंजाब राज्य के बराबर किया जाए। गौरतलब है कि 15 सितंबर से पहले डीलर्स ने हड़ताल की थी, तब सरकार के साथ उनकी वार्ता हुई। कमेटी भी बनी, जिसे दस दिन में रिपोर्ट सौंपकर वैट कम करने के लिए फैसला करना था, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकलने पर डीलर्स ने वापस हड़ताल का ऐलान किया है।



### सरकार ने बनाई कमेटी

राज्य सरकार ने शुक्रवार को एसोसिएशन की समस्याओं के तुरन्त निस्तारण के लिए शासन सचिव, वित्त (राजस्व) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।

**उपराष्ट्रपति के दौरों संबंधी बयान पर रार**

# संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ टिप्पणियां गंभीर चिंता का विषय: धनखड़

- राजस्थान दौरों पर गहलोत के बयान पर उपराष्ट्रपति का जवाब
- केंद्रीय मंत्री और भाजपा ने जताई सीएम के बयान पर आपत्ति
- राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि उपराष्ट्रपति सामाजिक कार्यक्रमों में आए

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा उपराष्ट्रपति के राजस्थान दौरों को लेकर दिए बयान पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिना नाम लिए जवाब दिया है। बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय में संबोधन के दौरान धनखड़ ने कहा राजनीतिक कारणों से संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ टिप्पणियां की जा रही हैं, वो गंभीर चिंता का विषय है।

संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध कोई भी टिप्पणी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के खिलाफ है। राजनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए। संवैधानिक संस्थाएं कुछ राजनीतिक कारणों से आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना कर रही हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। संवैधानिक संस्थानों की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। हालांकि, इस दौरान उन्होंने किसी पार्टी या नेता का नाम नहीं लिया। बता दें, सीएम गहलोत ने कहा था कि केंद्र का कोई भी नेता आए, दिक्कत नहीं हैं, लेकिन उन्हें उपराष्ट्रपति को बार-बार दौरों पर नहीं भेजना चाहिए।





### यह कोई राजनीतिक विषय नहीं: वी मुरलीधरन

कोटा में शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति राजस्थान के बेटे हैं। देश उनको बड़ा सम्मान देता है। ऐसे व्यक्ति राजस्थान में बार-बार आते हैं तो राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उनका स्वागत करना चाहिए। मैं खुद केरल से हूं, मैं चाहूंगा कि उपराष्ट्रपति केरल में बार-बार आएं। यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है। उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति का प्रवास होने से फायदा प्रदेश को होता है।

### वीजा लेकर आएं राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति या पीएम?

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री क्या कोई वीजा सिस्टम लागू कर रहे हैं? जो राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को आने के लिए सरकार से वीजा लेना पड़ेगा? किसान का बेटा उपराष्ट्रपति के पद पर जाता है तो राजस्थान का मान बढ़ता है, लेकिन मुख्यमंत्री को उनके आने पर ऐतराज है। उपराष्ट्रपति जिस कार्यक्रम में आए वो सामाजिक थे। जब आचार संहिता लग जाएगी तब भी राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के दौरे हो सकते हैं। धनखड़ जब भी आए तो वह प्रदेश के विकास के लिए आए। इन सब से सीएम गहलोत को ऐतराज क्यों हैं।

## जरूरी खबर

### AIMIM ने दो विधानसभा क्षेत्रों में उतारे प्रत्याशी



**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) ने शुक्रवार को दो विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भरतपुर जिले की कामां विधानसभा से इमरान नवाब को और सीकर की फतेहपुर विधानसभा से एडवोकेट जावेद अली खान को प्रत्याशी बनाया गया है। ये दोनों सीटें अल्पसंख्यक बाहुल्य मानी जाती हैं। वर्तमान में कामां से मंत्री जाहिदा और फतेहपुर से हाकम अली अल्पसंख्यक मुस्लिम विधायक हैं।

### मुस्लिम समाज ने किया सत्ता संकल्प यात्रा का स्वागत

**जयपुर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की सत्ता संकल्प यात्रा शुक्रवार देर रात सुजानगढ़ शहर पहुंची। सालासर चौराहे पर जेसीबी से पुष्प वर्षा करके यात्रा का अभिनंदन किया गया वहीं बेनीवाल के स्वागत में सुजानगढ़ शहर में भव्य आतिशबाजी भी की गई। आरएलपी नेता बाबूलाल कुलदीप और सीताराम नायक की अगुवाई में शहर में दर्जनों स्थानों पर आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल व पार्टी के विधायकों का स्वागत किया। सांसद बेनीवाल का मुस्लिम समाज ने भी बेनीवाल का स्वागत किया। बेनीवाल ने रथ से ही जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस को करारा जवाब वोट की चोट से देना है।

### प्रो. रामस्वरूप साहू ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया



**सांभरलेक।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर प्रो. रामस्वरूप साहू ने पदभार ग्रहण किया। हालही में कॉलेज शिक्षा के आदेश अनुसार प्रो. साहू को यहां पदस्थापित किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की ओर से प्रो. साहू का स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ज्ञान प्रकाश दायमा, डॉ. शैलेंद्र मौर्य, डॉ. मदन सिंह जाखड़, डॉ. राम किशोर कुमावत, डॉ. नितेश पाल सिंह, डॉ. राजेश जाखड़, डॉ. विजेंद्र सिंह मीणा, डॉ. महक चौहान एवं ओमप्रकाश उपस्थित रहे।

राज्यपाल मिश्र ने शिक्षा संत स्वामी केशवानंद की प्रतिमा एवं स्मारक पट्टिका के लोकार्पण समारोह में कहा...

# शिक्षा व समाज उत्थान का स्वामीजी ने किया निरंतर प्रयास

बेधड़क | सीकर



राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि महान शिक्षा संत, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक स्वामी केशवानंदजी ने पूरे समाज को शिक्षित एवं जागृत करने का कार्य किया। स्वामीजी का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ महिला शिक्षा एवं ग्रामीण स्वरोजगार के लिए निरंतर प्रयास किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संत केशवानंदजी ने राजस्थान के मरुस्थलीय गांवों में घूम-घूम कर लोगों को शिक्षा प्रदान की। स्वामीजी ने 287 शिक्षा शालाओं की स्थापना कर उनका संचालन भी किया।

राज्यपाल मिश्र शुक्रवार को सीकर के मंगलूणा गांव में शिक्षा संत स्वामी केशवानंद की प्रतिमा एवं स्मारक पट्टिका अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वामी केशवानंद ने अपने जीवन काल में मृत्युभोज, बाल विवाह, नारी उत्पीड़न, पर्दा प्रथा, शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद कर लगातार समाज उत्थान का कार्य किया। उन्होंने 'गांव उठेगा-देश उठेगा' के नारे को जन-जन में आत्मसात करने का कार्य किया। इस दौरान राज्यपाल मिश्र ने शिक्षा संत केशवानंदजी के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान भी किया।

राज्यपाल मिश्र ने कार्यक्रम में संविधान की उद्देशिका ओर मूल कर्तव्यों का वाचन किया।

### स्वामीजी पर लिखी पुस्तक का विमोचन

समारोह के दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वामी केशवानंद के जीवन पर आधारित दुर्गा देवी रणवां की पुस्तक का विमोचन भी किया। वहीं अभिलाषा रणवां ने राज्यपाल को अपने हाथ से बनाई गया फोटो फ्रेम भेंटकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व राज्यपाल मिश्र का मंगलूणा पहुंचने पर सीकर संभागीय आयुक्त डॉ. मोहन लाल यादव ने गुलदस्ता भेंट कर अगवानी की। राजस्थान पुलिस की शस्त्रबल टुकडी ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में संत दिनेश गिरी महाराज, संत महावीर यति, संत पंचमनाथ महाराज, गोरधन सिंह ढाका अध्यक्ष केशवानंद स्मारक संस्थान, दुर्गा देवी रणवां, पुलिस महानिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी, सीकर पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख, उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ राजेश मीना, नेछवा अभिमन्यु सिंह कुंतल, दिनेश जोशी, हरीराम रणवां, डॉ.बीएल रणवां, रामनिवास ढाका सहित जनप्रतिनिधि,ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

### अंधविश्वास और पाखंड के खिलाफ उठाई आवाज

समारोह में सीकर सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती ने कहा कि शिक्षा संत स्वामी केशवानंदजी ने अपने पूरे जीवन काल में अंधविश्वास और पाखंड के खिलाफ आवाज बुलंद कर नारी शिक्षा एवं समाज उत्थान का कार्य निरंतर किया। उन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाहों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी केशवानंद ने अपनी भाषा हिंदी, संस्कृत को आगे बढ़ाया और उनसे जुड़ी संस्थाओं की तरक्की के लिए प्रयास किए।

केन्द्रीय नेताओं की यात्राओं को लेकर टिप्पणी पर शेखावत का पलटवार

# गहलोत की खिसियाहट से लग रहा उन्होंने हार स्वीकार कर ली

■ जोधपुर में पीएम की सभा को लेकर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से की चर्चा

बेधड़क | जोधपुर



उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के राजस्थान दौरों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि हाल के दिनों में उनमें एक प्रकार की खिसियाहट सी आई है। इसके चलते वे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।

वे उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और न्यायपालिका तक पर टिप्पणियां कर रहे हैं। शेखावत शुक्रवार सुबह दस बजे सर्किट हाउस में पीएम मोदी की सभा की तैयारियों के सिलसिले में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत कहते हैं कि प्रधानमंत्री अब तक सात बार राजस्थान आ चुके।

उन्हें ध्यान में होना चाहिए कि जयपुर की परिवर्तन संकल्प यात्रा के एक राजनीतिक कार्यक्रम को छोड़कर शेष कार्यक्रम सरकारी थे। वे भारत सरकार की तरफ से राजस्थान को सौगात देने ही आए थे। इसमें भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घबराहट और खिसियाहट, दोनों होती हैं। यह उनकी इस मनःस्थिति को दर्शाता है कि उन्होंने हार स्वीकार कर ली है।

शेखावत ने कहा कि देश के सर्वोच्च पद पर बैठे पदों के लिए जिस तरह की टिप्पणी वे कर रहे हैं। उससे ऐसा लगता है कि खिसियाहट से अपना मानसिक संतुलन खो बैठै। वे कभी न्यायपालिका पर, कभी राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और कभी न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हैं। मुझ पर तो रोज ही करते हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा भी मौजूद रहे।

### वसुंधरा हमारी पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं

वसुंधरा राजे से संबंधित पूछे गए प्रश्न में शेखावत ने कहा कि वे मेरी पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। दो बार मुख्यमंत्री रह चुकीं। दो बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुकीं। हम सब की नेता हैं। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में आगामी चुनाव में अशोक गहलोत सरकार किन-किन मुद्दों पर विफल रही। इस पर चर्चा हुई। सरकार को किस तरह से घेरना है, इस विषय पर भी चर्चा हुई।

### भाजपा का लक्ष्य भारत माता की सेवा

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव कौन लड़ेगा या नहीं लड़ेगा, यह फैसला पार्टी का संसदीय बोर्ड तय करता है। यदि वह किसी मंत्री को आदेश देगा तो उसे चुनाव लड़ना ही होगा, लेकिन यह बात तय है कि पार्टी जो काम सौंपेगी उसे पूरी ईनामदारी, निष्ठा और उत्साह के साथ करेंगे। जहां भी काम करेंगे लक्ष्य एक ही होगा भारत माता की सेवा। भाजपा विचार आधारित पार्टी है। इसलिए इसका विघटन नहीं हुआ।

### पश्चिमी राजस्थान को सौगात देने आ रहे मोदी

शेखावत ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान को हजारों करोड़ रुपए की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने का कार्यक्रम तय हुआ है। पांच अक्टूबर को सुबह दस बजे का कार्यक्रम तय हुआ है। पीएम मोदी यहां जोधपुर एयरपोर्ट के नए बनने वाले टर्मिनल और एम्स के ट्रोमा सेंटर का शिलान्यास करेंगे। वहीं जोधपुर आईआईटी के नए शैक्षणिक कार्यों का भी लोकार्पण करेंगे। शेखावत ने कहा कि जैसा कार्यक्रम पीएम का जयपुर में हुआ था वैसा ही वैसा अभूतपूर्व कार्यक्रम जोधपुर में भी करने की तैयारियां की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में आमजन की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता बने इस पर भी पार्टी के साथ चर्चा की है।

डाक विभाग की ओर से हुआ आयोजन

# अमृत कलश यात्रा निकाल कर देश के वीरों को किया नमन



बेधड़क | राजसमंद

भारतीय डाक विभाग राजसमंद की ओर से देश में चलाए जा रहे 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए नारायण लाल गुर्जर के मूल गांव बिनोल में निकाली गई।

कांकरोली डाकघर के सहायक अधीक्षक तिलकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में शाहीद नारायण लाल गुर्जर के ननिहाल गांव बासनी में लगी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके बाद शहीद की वीरांगना मोहनी देवी की ओर से गांव की मिट्टी, चावल और पुष्प अमृत कलश में अर्पित किए गए। डाक विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत संपूर्ण भारत के गांव-गांव से शहीदों के गांव की मिट्टी के अमृत कलश के माध्यम से एकत्र की जा रही है। इसे दिल्ली में कर्तव्य पथ, इंडिया गेट पर अमृत वाटिका में बनने वाले अमृत महोत्सव स्मारक की स्थापना में शामिल किया जाएगा।

वीरांगना की ओर से अमृत कलश में मिट्टी अर्पित करने के बाद डाक विभाग के सदस्यों तथा ग्रामीणों द्वारा बिनोल गांव में अमृत कलश यात्रा निकल गई। इसमें तिरंगा हाथों में लिए महिला-पुरुषों ने शहीद नारायण लाल अमर रहे... तथा भारत माता की जय... और वंदे मातरम...के नारे लगाए।

कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख सोहनी बाई, भंवरलाल गुर्जर, राधेश्याम कुमावत, श्याम सुंदर, राहुल आमेटा, प्रेम शंकर श्रीमाली, लहरी लाल पालीवाल, डालचंद रेगर, राजेश, सौरव कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

पांच बच्चों की मां को भगा ले गया था

# प्रेमिका को लेकर लौटे युवक की हत्या, पति-बेटों पर मामला दर्ज

बेधड़क | बांसवाड़ा



युवक की हत्या का मामला सामने आया है। दरअसल युवक पांच महीने पहले एक विवाहिता को भगा ले गया था। गुरुवार को प्रेमिका के साथ वापस गांव लौटा तो प्रेमिका के पति और उसके दो बेटों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना बांसवाड़ा जिले के अरथुना थाना क्षेत्र के भीलड़ी गांव की है।

अरथुना पुलिस के अनुसार मृतक मुकेश के परिजनों ने पड़ोसी थावर चंद व उसके दो बेटे गणेश और नरेश पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। मुकेश का पड़ोस में रहने वाली विवाहित महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। करीब 5 महीने पहले मुकेश महिला को भगा कर गुजरात ले गया था। इसको लेकर मुकेश से महिला के पति थावर चंद से विवाद चला आ रहा था। गुरुवार को मुकेश अपनी प्रेमिका के साथ वापस गांव आया। इसी दौरान महिला के पति थावर चंद और उसके दोनों बेटों ने मिलकर मुकेश के साथ मारपीट की। मारपीट में मुकेश की मौके पर मौत हो गई। परिजनो से सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। तीनों आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

शेखावाटी साहित्य संगम के दूसरे दिन...

# 444 गोतस्करी घटनाओं की रिपोर्ट जारी

बेधड़क | सीकर



विश्व संवाद केंद्र जयपुर की ओर से शेखावाटी साहित्य संगम के दूसरे दिन शुक्रवार को राजस्थान में गोतस्करी की अक्टूबर 2020 से अगस्त 2023 के मध्य हुई घटनाओं की एक रिपोर्ट जारी की। मेजर सुरेंद्र पूनियां, बीएसएफ के सेवा निवृत अधिकारी मदन सिंह राठौर की उपस्थिति में यह रिपोर्ट जारी की गई।

72 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में गोतस्करी की 34 महीनों की 444 घटनाओं का क्रमानुसार विवरण दिया गया है। रिपोर्ट की विशेष बात यह है कि सभी घटनाओं के सन्दर्भ स्रोत भी रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं और साथ ही चित्र एवं समाचार कटिंग भी संलग्न है।

यह रिपोर्ट विश्व संवाद केंद्र के अभिलेखागार प्रमुख दीप कुमार के निर्देशन में बनी हैं। दीप कुमार ने बताया कि वीएसके ने यह तथ्य सामने लाने का प्रयास किया है कि आज गोतस्कर बेसहारा के साथ-साथ घरेलू और गौशाला में पाले जा रहे गोवंश को भी निशाना बना रहे हैं। इसलिए शासन को नीति व प्रशासन को रणनीति बनाकर इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के सख्त कदम उठाने चाहिए। गोतस्करी पूर्णतः अवैध एवं असंवैधानिक है।

इस प्रकार की घटनाएं आमजन की आस्था और रोजगार पर तो चोट करती ही है, साथ ही कानून और सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगाते हुए संगठित अपराधी समूहों को अराजक स्थिति पैदा करने के विकल्प भी देती हैं। गोतस्करी से प्राप्त धन समाज विरोधी कार्यों में ही खर्च होता हैं, इसलिए गोतस्करी को रोकने के लिए सभी को संगठित होना चाहिए।

श्राद्ध पक्ष प्रारंभ, तीर्थस्थलों पर उमड़ी आस्था

# मचकुंड में स्नानकर अपने पितरों के निमित्त किया तर्पण

बेधड़क | धौलपुर



घर-परिवार के स्वर्गवासी पूर्वजों की आराधना का श्राद्ध पक्ष शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन पूर्णिमा और प्रतिपदा का श्राद्ध निकाला गया। इस मौके पर पितरों की प्रसन्नता के लिए पंचग्रासी श्राद्ध निकाला और तर्पण, दान-पुण्य आदि किए।

श्राद्ध पक्ष शुरू होने के साथ ही तीर्थस्थलों पर भी लोगों की आस्था उमड़ी नजर आई। जिले के ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड तीर्थ सहित पार्वती नदी और चंबल नदी में पितरों का आस्था पूर्वक तर्पण किया गया। सुबह से ही धार्मिक स्थलों पर भारी भीड़ देखी गई। लोगों ने जलस्रोतों में स्नान कर पूर्वजों को जलांजलि अर्पित करते हुए उनका तर्पण किया। शुक्रवार से शुरू हुए कनागत का समापन 14 अक्टूबर को होगा।

पितृ पक्ष के 16 दिन की अवधि में पूर्वजों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मणों को भोजन कराकर श्राद्ध कर्म किए जाएंगे। पितृ पक्ष के दौरान पितरों का श्राद्ध करने से जीवन में आने वाली बाधाएं परेशानियां दूर होती हैं और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पौराणिक ग्रंथों में वर्णित किया गया है कि देवपूजा से पहले जातक को अपने पूर्वजों की पूजा करनी चाहिए।

पितरों के प्रसन्न होने पर देवता भी प्रसन्न होते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में जीवित रहते हुए घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान और मृत्योपरांत श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। इसके पीछे यह मान्यता भी है कि यदि विधिनुसार पितरों का तर्पण न किया जाए तो उन्हें मुक्ति नहीं मिलती और उनकी आत्मा मृत्युलोक में भटकती रहती है।

### पितृदोष से मिलती है मुक्ति

ज्योतिषी पं. गोविंद शर्मा ने बताया कि पितृपक्ष को मनाने का ज्योतिषीय कारण भी है। ज्योतिषशास्त्र में पितृ दोष काफी अहम माना जाता है। जब जातक सफलता के बिल्कुल नजदीक पहुंचकर भी सफलता से वंचित होता हो, संतान उत्पत्ति में परेशानियां आ रही हों, धन हानि हो रही हों तो ज्योतिष शास्त्र पितृदोष से पीड़ित होने की प्रबल संभावनाएं होती हैं। इसलिए पितृदोष से मुक्ति के लिए भी पितरों की शांति आवश्यक मानी जाती है। माना जाता है कि पितृपक्ष के 16 दिनों की अवधि के दौरान सभी पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंड दान किया जाता है। इन अनुष्ठानों को करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे किसी व्यक्ति के पूर्वजों को उनके इष्ट लोकों को पार करने में मदद मिलती है। वहीं जो लोग अपने पूर्वजों का पिंडदान नहीं करते हैं, उन्हें पितृदोष सहना पड़ता है।

### श्राद्धपक्ष के दौरान न करें ये काम

शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष के दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। इस दौरान कोई वाहन या नया सामान न खरीदें। मांसाहारी भोजन का सेवन न करें। श्राद्ध कर्म के दौरान आप जनेऊ पहनते हैं तो पिंडदान के दौरान उसे बाएं की जगह दाएं कंधे पर रखें। श्राद्ध कर्मकांड करने वाले व्यक्ति को नाखून दाढ़ी या बाल नहीं कटवाने चाहिए। तंबाकू, धूम्रपान या शराब का सेवन न करें और इस तरह के बुरे कार्यों में लिप्त न हों।

# खेलते समय पोखर में गिरे भाई-बहन की डूबने से मौत

**भरतपुर।** जिले में शुक्रवार को पोखर में गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना के दौरान दोनों बच्चे पोखर किनारे गांव के अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे, तभी दोनों का पांव फिसल गया और वो पानी में डूब गए। हादसा सेवर पंचायत समिति क्षेत्र के गांव पार का है। गांव के बाहर पोखर किनारे खेल रहे दो भाई-बहन पैर फिसलने से पोखर में जा गिरे। बच्चों को बचाने के लिए उनके पीछे उनकी मां भी पोखर में कूद गई, लेकिन ग्रामीणों ने मां को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बच्चों के ताऊ दरब सिंह ने बताया कि सेवर क्षेत्र के गांव पार में गांव से बाहर एक पोखर है। सुबह करीब 11 बजे नंदू (10) पुत्र पिंटू और नीशू (6) पुत्री पिंटू गांव के चार-पांच बच्चों के साथ पोखर किनारे खेलने गए थे। इसी दौरान पैर फिसल गया और नंदू व नीशू पोखर में जा गिरे। दोनों बच्चों को पोखर में डूबता देखकर साथ के बच्चे दौड़कर गांव आए और परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दोनों बच्चों की मां रचना पोखर की तरफ दौड़ी और दोनों बच्चों को बचाने के लिए पोखर में कूद गई। गांव के लोग पोखर की तरफ दौड़े। पोखर में बच्चों को बचाने के लिए कूदी उनकी मां रचना भी डूबने लगी, तो गांव वालों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

ग्रामीणों ने भी बच्चों को बचाने के लिए पोखर में छलांग लगा दी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शव पोखर से बाहर निकाला गया।

## जरूरी खबर

### डीजीपी ने ली कॉन्स्टेबल दीक्षांत परेड की सलामी



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में शुक्रवार सुबह डीजीपी उमेश मिश्रा ने कॉन्स्टेबल रिक्रूट बैच संख्या 94 के प्रशिक्षु कॉन्स्टेबल के परेड समारोह की सलामी ली। परेड का नेतृत्व कॉन्स्टेबल श्यामलाल ने किया। मिश्रा ने सभी से विधिक परिधि में रहकर व पुलिस के दायित्वों को निभाकर आमजन के सेवा करने का आव्हान किया। डीजीपी ने ट्रेनिंग के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। एडीजी निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी पी रामजी ने बताया कि 24 महिलाओं सहित कुल 125 प्रशिक्षु कॉन्स्टेबल के इस बैच को कुल 36 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया है।

### सीआईडी सीबी ने 64 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा



**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की सूचना पर शुक्रवार की सुबह शिवदासपुरा थाना पुलिस की टीम ने टोंक रोड पर भोपाल से जयपुर आ रही बस में सवार खोह नागोरियान क्षेत्र के चार दुकान निवासी नदीम उर्फ गुल्लू पुत्र अब्दुल समद (25) को गिरफ्तार कर 64 ग्राम स्मैक बरामद की है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि एएसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन में हेड कांस्टेबल कमल सिंह की सूचना पर सीआई राम सिंह नाथावत में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सूचना में बताए गए हुलिए के अनुसार पुलिस को बस के पास खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर बस के पीछे छिपने का प्रयास करने लगा, जिसे थाना पुलिस की टीम ने पकड़ लिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**छात्रों को नुकसान:** बिना पीएचडी में प्रवेश के शोधार्थियों को नहीं मिलेगा फैलोशिप योजनाओं का लाभ

# नए नियम पारित होने के तीन महीने बाद भी नहीं हुई एमपेट

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय की सिंडीकेट बैठक में यूजीसी के नए नियम पारित होने के तीन माह बाद भी एमपेट परीक्षा नहीं हुई। इससे पीएचडी में प्रवेश नहीं हो पाने के कारण छात्र सरकारी फैलोशिप योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। साथ ही उन्हें जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) के एक्सपायर होने का भी डर सता रहा है। गौरतलब है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में 2 साल से एमपेट परीक्षा नहीं हुई है। पिछली बार विवि ने शोध परीक्षा 31 दिसंबर 2021 को करवाई थी। यह परीक्षा भी करीब 3 साल के बाद हुई थी। एमपेट परीक्षा नहीं होने से स्टूडेंट्स को रिचर्स करने का मौका नहीं मिल रहा। वहीं विवि में शोध कार्य भी कम हो रहें हैं। ऐसे में विवि का शैक्षणिक स्तर लगातार गिर रहा है। राजस्थान विश्वविद्यालय में करीब 600 से अधिक पीएचडी की सीटें हैं। वहीं, प्रदेश की कई विश्वविद्यालयों ने परीक्षा का आयोजन कर प्रवेश भी दे दिए, लेकिन राजस्थान विवि में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रदेश के सैकड़ों शोधार्थियों को नुकसान झेलना पड़ रहा है।




### नए नियमों को लेकर हो रही है देरी

विश्वविद्यालय में 28 जून को हुई सिंडिकेट बैठक में पीएचडी के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश पूर्व परीक्षा के लिए रेग्यूलेशन 2022 को स्वीकृत किया गया था। इसमें 30 अंकों के साक्षात्कार के प्रावधान को दो भागों में विभाजित किया गया है। परीक्षा में साक्षात्कार के लिए 10 और 20 अंक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कक्षा 12 और सेट नेट के निर्धारित किए गए थे, लेकिन अभी तक रिसर्च विभाग ने पुराने ऑर्डिनेन्स में बदलाव कर नया लागू नहीं किया है। ऐसे में परीक्षा कन्वीनर भी एमपेट के आयोजन को लेकर असमंजस में है।

### जेआरएफ एक्सपायर होने का डर

एमपेट नहीं होने से नेट और जेआरएफ किए हुए शोधार्थियों को फेलोशिप एक्सपायर होने का डर सता रहा है। दरअसल जेआरएफ उत्तीर्ण करने के बाद तीन वर्ष में पीएचडी में प्रवेश लेना जरूरी होता है, अन्यथा फेलोशिप योजना का लाभ नहीं मिलता है। वहीं, राज्य सरकार ने भी शोधार्थियों को यूजीसी की तर्ज पर प्रतिमाह 20 हजार की फेलोशिप देने की घोषणा कर चुकी हैं। पीएचडी में प्रवेश नहीं लेना से राज्य सरकार की योजना का भी लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

“ यूजीसी के नए नियमों को सिंडिकेट ने अप्रूव कर दिया गया है, लेकिन रिसर्च विभाग ने अभी तक पुराने ऑर्डिनेंस को बदल कर नया लागू नहीं किया गया है। जब तक रिसर्च विभाग द्वारा नियम परिवर्तन कर आदेश नहीं दिया जाएगा तब तक परीक्षा को लेकर कुछ कह नहीं सकते।

**डॉ रश्मि जैन**, कन्वीनर, एमपेट परीक्षा

“ एमपेट परीक्षाओं का आयोजन समय पर होना जरूरी है। पीएचडी में एडमिशन विद्यार्थियों को राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार स्कॉलरशिप दे रही है जो समय पर उन्हें मिल पाएगी। एडमिशन नहीं होने पर वे इससे वंचित हो जाएंगे।

**रमेश भाटी**, शोधार्थी

“ यूजीसी द्वारा आयोजित नेट में करीब एक साल पहले जेआरएफ हो गई थी। राजस्थान विश्वविद्यालय में पीएचडी करने को लेकर इच्छुक हूं, लेकिन एमपेट परीक्षा नहीं होने से जेआरएफ एक्सपायर होने का डर सता रहा है।

**अल्का यादव**, स्टूडेंट

**राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का CM ने किया उद्घाटन**

# शासन सचिवालय में 70 करोड़ की लागत से बनेगा नॉर्थ ब्लॉक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की द्वितीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में बिड़ला सभागार में आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री ने फ्लोरेंस नाइटिंगल के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर 'मॉडर्न आउटलुक ऑन नर्सिंग एडवांसमेंट थ्रू एविडेंस बेस्ड प्रेक्टिस' थीम वाली कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भी जब इंसान अपनी जिन्दगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था, तब डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अपनी जान की बाजी लगाकर काम किया था, इसे भुलाया नहीं जा सकता।




### कांग्रेस सरकार में हुए बेहतरीन कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ पीड़ित मानवता की सेवा में लगी हुई है और मेडिकल सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। एक ओर जहां पूर्ववर्ती सरकार के समय केवल 7 नए उप स्वास्थ्य केंद्र खोले गए थे, हमने 1773 उप स्वास्थ्य केंद्र खोले हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने एक भी उप जिला तथा जिला अस्पताल नहीं खोला जबकि हमने 67 उप जिला तथा 27 जिला अस्पताल खोले हैं। वहीं, हर जिले में नवीन मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज खोलने का काम भी सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान मृतक 330 कोरोना वॉरियर्स के आश्रितों को 165 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। कानून बनाकर स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला राजस्थान पहला राज्य बन गया है। राज्य सरकार के ये निर्णय गुड गवर्नेंस के प्रतीक है।

### मिशन 2030 - राजस्थान को नंबर 1 बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि 11.04 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर के साथ राजस्थान आज देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य की जीडीपी पिछले 4 साल में करीब 6 लाख करोड़ बढ़ी है। स्टेट जीडीपी का आकार बढ़कर इस वित्त वर्ष में 15 लाख करोड़ रुपए होने जा रहा है। हमारे सभी फाइनेंशियल इंडिकेटर्स दूसरे राज्यों के मुकाबले अच्छे हैं। अब मिशन 2030 के तहत स्टेट जीडीपी को 7 साल में 30 लाख करोड़ रुपए के पार ले जाने का लक्ष्य है।

### राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ को शपथ दिलवाई

शासन सचिवालय के आधुनिकीकरण एवं उन्नयन के अन्तर्गत नॉर्थ ब्लॉक के 70 करोड़ रुपए की लागत निर्माण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को मुख्यमंत्री गहलोत ने किया। गहलोत ने राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को भी संबोधित किया। इससे पूर्व उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में राजकीय कार्मिकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि जवाबदेह सुशासन सुनिश्चित करने और आखिरी व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

### ओपीएस लागू करे केंद्र सरकार

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य कर्मचारियों के हित में कांग्रेस सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर 'पुरानी पेंशन योजना' लागू की गई। सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। इससे कर्मचारियों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार और अन्य राज्यों को भी ओपीएस लागू करने का आग्रह किया। हमने पहले के सरकार की योजनाओं को भी सुदृढ़ कर आगे बढ़ाया।

**थाने ने भी नहीं भेजी आचरण रिपोर्ट**

# खुद के खिलाफ प्रमाणित जुर्म को दबा गया आरपीएस अफसर

**बेधड़क** | जयपुर

महिला का अपहरण, बंधक बनाने व बेज्जत करने के मामले में एक आरपीएस अफसर के खिलाफ जुर्म प्रमाणित होने के बाद भी पुलिस मुख्यालय ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। राज सेवा नियम आचरण सन 1971 के तहत नियम है कि किसी भी लोकसेवक के खिलाफ जुर्म प्रमाणित होता है तो उसकी सूचना संबंधित थाना या एसपी को पुलिस मुख्यालय को देनी होती है, लेकिन अपने खिलाफ जुर्म प्रमाणित होने के बाद भी आरपीएस अधिकारी ने रसुखात के चलते आचरण रिपोर्ट को दबा दिया।

जानकारी के मुताबिक 31 नवंबर 2021 को मुहाना निवासी एक महिला ने आरपीएस हेमराज मीणा, हेड कांस्टेबल अमर सिंह मीणा व हेमराज की पत्नी कांता के खिलाफ अपहरण, मारपीट, बंधक बनाने व महिला की इज्जत पर हाथ डालने का मामला दर्ज करवाया था।

हेमराज मीणा अभी पुलिस अधीक्षक प्रथम दूरसंचार, पुलिस दूरसंचार जयपुर में तैनात है। मुहाना में दर्ज प्रकरण में एसीपी मानसरोवर ने जांच कर 10 सितंबर 2022 को चार्जशीट संख्या-295/2022 धारा 341, 504, 323, 34 आईपीसी में न्यायालय एसीजीएम 18, सांगानेर जयपुर में हेमराज मीणा, इसकी पत्नी कांता मीणा व अमर सिंह मीणा के विरुद्ध अपराध प्रमाणित मानते हुए चालान पेश किया है।

आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर भी हेमराज मीणा ने पुलिस विभाग को इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई। अभी तक पुलिस विभाग को आचरण रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। न ही मुहाना थाना पुलिस ने आरपीएस के खिलाफ विभाग को अभी तक कोई सूचना दी। हेमराज मीणा के खिलाफ अनुशात्मक कार्रवाई का प्रकरण बनता है, जबकि विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### इनका कहना है

“ फिलहाल मुझे मामले की जानकारी नहीं है। यदि इस तरह का कोई मामला है तो उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा,** पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी-टेक्निकल सर्विसेज, राजस्थान।

**बीसलपुर पेयजल परियोजना में लीकेज**

## आज और कल नहीं आएगा घरों में पानी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में शनिवार को पानी की सप्लाई नहीं होगी। इसका कारण है बीसलपुर पेयजल परियोजना में हुआ लीकेज।

पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट (पीएचईडी) की ओर से शनिवार सुबह 9 बजे से रविवार सुबह 9 बजे तक शटडाउन लिया गया है। हालांकि, रविवार शाम तक आमजन के लिए पहले की तरह नियमित पानी पहुंचेगा।

पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि बीसलपुर-जयपुर के बीच 2300 एमएम व्यास की एमएस ट्रांसमिशन लाइन में ग्राम जयसिंहपुरा, डिग्गी के पास वाल्व में लीकेज हो गया है। पेयजल लाइन की मरम्मत के लिए बीसलपुर परियोजना से शटडाउन लिया गया है। इस शटडाउन के चलते जयपुर शहर में रविवार की सुबह तक पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी।

### इन इलाकों में नहीं होगी जलापूर्ति

राजधानी के लगभग सभी इलाकों में शनिवार और रविवार सुबह तक पानी सप्लाई बाधित रहेगी। इन इलाकों में महेशनगर, बरकत नगर, सिविललाईन, ज्योतिनगर, शान्तिनगर, सिन्धीकॉलोनी, आदर्शनगर, जवाहर नगर, ट्रक स्टेण्ड, मानसरोवर के अलावा प्रतापनगर क्षेत्र, सांगानेर क्षेत्र, दुर्गापुरा, मालवीय नगर, बापूनगर, श्यामनगर, विद्युत नगर संजय नगर, ऑफिसर कैम्पस, झोटवाड़ा, बीके आई, विद्याधर नगर, मुरलीपुरा, शास्त्री नगर, गोपालबाड़ी, बनीपार्क, अम्बाबाड़ी, जगतपुरा, खोनागोरियान, इन्दिरा गांधी नगर, मुहाना मोड़, जामडोली, सुभाषनगर, चारदीवारी क्षेत्र के घाटगेट, बासबदनपुरा, हिंदा की मोरी और गोविंदनगर का क्षेत्र शामिल है। इन सभी क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं होने की स्थिति में आमजन से पानी का खर्च आवश्यकतानुसार करने की सलाह दी गई है।

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जयपुर।** बढारणा में दो भूखंडों का फर्जी इकरारनामा बनाकर 46 लाख रुपए हड़प लिए। पांच्यावाला के कल्याण सिंह व विक्रम सिंह ने बताया कि लक्ष्मीनारायणपुरा के रामस्वरूप कुमावत और बड़ा बंधा के नंदकिशोर सैनी ने दो साल पहले लालवास बंधा के ताराचंद सैनी पुत्र सोहनलाल सैनी से मिलवाया। बढारणा में भगवान नगर विस्तार के प्लॉट 9 व 10 ताराचंद सैनी के हैं। भूखंड पसंद आने पर ताराचंद सैनी ने भूखंड का इकरारनाम कर लिया और दो किश्तों में 46 लाख रुपए ले लिए। जब पट्टा मांगा तो केवल पट्टे की फोटो कॉपी भेज दी। मूल पट्टा अब तक नहीं दिया।

## भक्तों के इंतजार में भगवान...



*जयपुर। पीओपी की प्रतिमाओं के जलाशयों में विसर्जन पर प्रशासन की रोक के चलते इस बार गणेशजी की हजारों प्रतिमाएं बिना बिके ही रह गईं। गणेश चतुर्थी और अनंत चतुर्दशी निकल चुकी हैं, लेकिन ऐसी प्रतिमाएं अभी फुटपाथ पर ग्राहकों के इंतजार में है।*

फोटो: राजेश कुमावत

**एसीबी ने मांगी कलेक्टर से FIR की स्वीकृति, फंस सकते हैं कलेक्ट्रेट से जुड़े कई कर्मचारी**

# तहसीलदार ने ₹300 करोड़ की जमीन का गलत नामांतरण खोला

**बेधड़क** | जयपुर

करीब 300 करोड़ रुपए की बेशकीमती जमीन का नामांतरण गलत तरीके से खोलने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने (एसीबी) ने तहसीलदार समेत पांच कर्मचारी-अफसरों के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की है।

इस मामले में एसीबी ने आरोपियों के खिलाफ जयपुर कलेक्टर का पत्र लिखकर स्वीकृति मांगी है। जमीन की वर्तमान बाजार कीमत 300 करोड़ रुपए से ज्यादा मानी जा रही है, लेकिन जब नामांतरण खुलने के बाद जमीन का बेचान किया गया तो इसकी विक्रय मूल्य 20 करोड़ रुपए दर्शाया गया, जो रीको की आरक्षित दर के बराबर है।




इस तरह सरकार को इस जमीन के बेचान से मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी में भी भारी नुकसान हो रहा था। ट्राइटन मॉल के पास स्थित 18 बीघा 7 बिस्वा जमीन का नामांतरण तहसीदार कोर्ट के निर्णय के बाद खोला गया, जबकि यह जमीन स्टार्च फैक्ट्री के नाम थी और तहसीलदार कोर्ट ने नामांतरण व्यक्ति विशेष के नाम कर दिया।

### यह हो चुके हैं सस्पेंड, अब एसीबी करेगी कार्रवाई

इस मामले में रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने जयपुर तहसीलदार संदीप बैरड़ को पद से निलंबित कर दिया था। गलत नामांतरण खोलने के मामले में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने भी नायब तहसीलदार सीताराम जाट, भू अभिलेख निरीक्षक मनोज फौजदार,पटवारी महेंद्र सिंह शेखावत, पटवारी एलआरसी गायत्री आसीवाल (आरपीजी), लीव रिजर्व आईएलआर प्रमोद शर्मा को निलंबित किया था। अब इस मामले में प्रारंभिक जांच के बाद आरोप प्रमाणित होने के बाद एसीबी मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई करेगी।

### यह था पूरा मामला मिलीभगत का

भरतसिंह की 1964 में मृत्यु होने के बाद उनके वारिसान जयसिंह, वींरेन्द्र सिंह, मीना देवी, संतोष जैन, बेला गुप्ता, संजीव कुमार और रितू कुमार ने जमीन पर अपना हक जमाते हुए इस मामले का नामांतरण खोलने के लिए जयपुर तहसीलदार कोर्ट में एक याचिका लगाई। इस कोर्ट में विपक्षी पक्ष रतन सिंह ने भी आपत्ति जताई। साल 2022 में दर्ज हुए विवाद की सुनवाई पूरी होने के बाद तहसीलदार ने वारिसान के पक्ष में फैसला करते हुए जमीन का नामांतरण वारिसान के पक्ष में खोलने के आदेश जारी कर दिए। इसी आदेशों के आधार पर वारिसों के नाम विरासत के आधार पर नामांतरण खोला दिया। इससे सरकार को मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी भी बच गई।

### गलत नामांतरण खोलने की बात आई है सामने

“ जमीन का गलत नामांतरण खोलने की बात सामने आई है। इस मामले में प्रशासन द्वारा कई अफसर-कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। अब एफआईआर दर्ज करने के लिए कलेक्टर से स्वीकृति मांगी है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

**डॉ. रवि**, डीआईजी, एसीबी जयपुर

## कर्नाटक-तमिलनाडु के बीच जीवनरेखा मानी जाती है कावेरी नदी

# अब खत्म हो कावेरी जल विवाद



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार



कावेरी जल बंटवारे को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद अब थम जाना चाहिए। दरअसल शीर्ष न्यायालय ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और कावेरी जल नियमन समिति के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया है, जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए प्रतिदिन पांच हजार घन मीटर पानी देने की बात कही गई है। तमिलनाडु ने राज्य में सूखे के कारण 7200 घन मीटर पानी मांगा था। समिति ने उसकी मांग को उचित तो माना, लेकिन दूसरे राज्यों में जल समस्या का ध्यान रखते हुए पानी की मात्रा घटाकर पांच हजार घन मीटर कर दी। यही फैसला कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी दिया था। तमिलनाडु ने इस निर्णय पर सहमति जता दी है, लेकिन कर्नाटक में इस निर्णय के विरुद्ध असंतोष पनपने के साथ ही विरोध प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है।

दरअसल कर्नाटक सरकार ने जिस असंतोष और विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्र के समक्ष मामला दखल के लिए उठाया है, उससे लगता है कि विवाद तत्काल खत्म होने वाला नहीं है। कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी जीवनरेखा मानी जाती है। कावेरी दोनों राज्यों के करोड़ों लोगों के लिए वरदान है, लेकिन निहित राजनीतिक स्वार्थों के चलते कर्नाटक और तमिलनाडु की जनता के बीच केवल आगजनी और हिंसा के ही नहीं, सांस्कृतिक टकराव के हालात भी उत्पन्न होने के आसार नजर आने लगे हैं। सनातन भारतीय संस्कृति में पानी पिलाना पुण्य व श्रेष्ठ काम माना जाता है।

दरअसल तमिलनाडु में इस साल कम बारिश होने के कारण पानी की जबरदस्त किल्लत है। कम बारिश के कारण राज्य में चालीस हजार एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो रही है, इसलिए उसे कृषि और किसानों की आजीविका के लिए तुरंत पानी की जरूरत है। इसी जरूरत के मद्देनजर पांच हजार घन मीटर पानी देने का फैसला दिया गया, लेकिन कर्नाटक इतना पानी देने को भी तैयार नहीं है। भारत में नदियों के जल का बंटवारा, बांधों का निर्माण और राज्यों के बीच उसकी हिस्सेदारी एक गंभीर व अनसुलझी रहने वाली समस्या बनी हुई है। इसका मुख्य कारण है, नदी जैसे प्राकृतिक संसाधन के समुचित व तर्कसंगत उपयोग की जगह राजनीतिक सोच से प्रेरित होकर नदियों के जल का दोहन करना। कर्नाटक में जल विवाद के सामने आते ही इस मुद्दे पर लड़ाई जीतने के लिए राजनीतिक दल और किसान संगठन एक राय हो जाते हैं। दावा किया जा रहा है कि तमिलनाडु के किसान एक साल में तीन फसल उगा रहे हैं, जबकि कर्नाटक के पास एक फसल के लिए भी पानी कम पड़ता है, ऐसे में तमिलनाडु को पानी देना कैसे संभव है?

ऐसी ही एकपक्षीय धारणाओं की वजह से कर्नाटक-तमिलनाडु के बीच कावेरी जल विवाद 124 साल से स्थाई समस्या बना हुआ है। दक्षिण भारत की गंगा मानी जाने वाली कावेरी नदी कर्नाटक तथा उत्तरी तमिलनाडु में बहने वाली जीवनदायी सदानीरा नदी हैं। यह पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरी पर्वत से निकली है। यह 800 किलोमीटर लंबी है। इसके आसपास के दोनों राज्यों के हिस्सों में खेती होती है। तमिल भाषा में कावेरी को 'पोन्नी' कहते हैं। पोन्नी का अर्थ सोना उगाना है। दोनों राज्यों की स्थानीय आबादी में ऐसी लोक मान्यता है कि कावेरी के जल में धूल के कण मिले हुए हैं। इस लोक मान्यता को हम इस अर्थ में ले सकते हैं कि कावेरी के पानी से जिन खेतों में सिंचाई होती है, उन खेतों से फसल के रूप में सोना पैदा होता है। इसीलिए यह नदी कर्नाटक और तमिलनाडु की कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलाधार है। ब्रह्मगिरी पर्वत कर्नाटक के कुर्ग क्षेत्र में आता है, जो कर्नाटक के अस्तित्व में आने से पहले मैसूर राज्य में था।

> “दोनों राज्यों की स्थानीय आबादी में ऐसी लोक मान्यता है कि कावेरी के जल में धूल के कण मिले हुए हैं। इस लोक मान्यता को हम इस अर्थ में ले सकते हैं कि कावेरी के पानी से जिन खेतों में सिंचाई होती है, उन खेतों से फसल के रूप में सोना पैदा होता है। इसीलिए यह नदी कर्नाटक और तमिलनाडु की कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलाधार है। ब्रह्मगिरी पर्वत कर्नाटक के कुर्ग क्षेत्र में आता है, जो कर्नाटक के अस्तित्व में आने से पहले मैसूर राज्य में था। यहीं से यह नदी मैसूर राज्य को सिंचित करती हुई दक्षिण पूर्व की ओर बहती हुई तमिलनाडु में प्रवेश करती है और फिर इस राज्य के बड़े भू-भाग को जल से अभिसिंचित करती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है।”

यहीं से यह नदी मैसूर राज्य को सिंचित करती हुई दक्षिण पूर्व की ओर बहती हुई तमिलनाडु में प्रवेश करती है और फिर इस राज्य के बड़े भू-भाग को जल से अभिसिंचित करती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। 1892 व 1924 में मैसूर राज्य व मद्रास प्रेसीडेंसी (वर्तमान तमिलनाडु) के बीच जल बंटवारे को लेकर समझौते हुए थे। आजादी के बाद मैसूर का कर्नाटक में विलय हो गया। इसके बाद से कर्नाटक को लगने लगा कि मद्रास प्रेसिडेंसी पर अंग्रेजों का प्रभाव अधिक था, इसलिए समझौता मद्रास के पक्ष में किया गया है। लिहाजा वह इस समझौते को नहीं मानता है। जबकि तमिलनाडु का तर्क है कि पूर्व समझौते के मुताबिक उसने ऐसी कृषि योग्य भूमि विकसित कर ली है, जिसकी खेती कावेरी से मिलने वाले सिंचाई हेतु जल के बिना संभव ही नहीं है। इस बावत 1986 में तमिलनाडु ने विवाद के निपटारे के लिए केंद्र सरकार से एक ट्रिब्यूनल बनाने की मांग की थी। नदी विवाद जल अधिनियम के तहत 1990 में ट्रिब्यूनल बनाया गया। इस ट्रिब्यूनल ने कर्नाटक को आदेश दिया कि तमिलनाडु को 419 अरब क्यूसेक फीट पानी, केरल को 30 अरब तथा पांडिचेरी को 2 अरब क्यूसेक पानी दिया जाए। किंतु कर्नाटक सरकार ने इस आदेश को मानने से इनकार करते हुए कहा कि इस पानी पर हमारा पूरा हक है, इसलिए हम पानी नहीं देंगे। कर्नाटक का तर्क है कि अंग्रेजों के शासनकाल में कुर्ग मैसूर रियासत का हिस्सा था, और तमिलनाडु मद्रास प्रेसीडेंसी के रूप में फिरंगी हुकूमत का गुलाम था। गोया, 1924 के फैसले को सही नहीं ठहराया जा सकता है। हालांकि अभी भी ट्रिब्यूनल के इसी फैसले और अदालत के दबाव में कर्नाटक मजबूरीवश तमिलनाडु को पानी दे रहा है, लेकिन उसकी पानी देने की मंशा कतई नहीं है। दरअसल, भारत में नदियों के जल बंटवारे और बांधों की ऊंचाई से जुड़े अंतरराज्जीय जल विवाद अब राज्यों की वास्तविक जरूरत के बजाय सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के साथ वोट बैंक की राजनीति का शिकार होते जा रहे हैं। इसीलिए जल विवाद केवल कावेरी नदी से जुड़ा इकलौता विवाद नहीं है, बल्कि कई और भी विवाद इसी तरह दशकों से बने चले आ रहे हैं। तमिलनाडु व केरल के बीच मुल्ला पेरियार बांध की ऊंचाई को लेकर भी विवाद गहराया हुआ है। तमिलनाडु इस बांध की ऊंचाई 132 फीट से बढ़ाकर 142 फीट करना चाहता है, वहीं केरल इसकी ऊंचाई कम रखना चाहता है। इस परिप्रेक्ष्य में केरल का दावा है कि यह बांध खतरनाक है, इसीलिए इसकी जगह नया बांध बनना चाहिए। जबकि तमिलनाडु ऐसे किसी खतरे की आशंका को सिरे से खारिज करता है। गौरतलब है कि पेरियार नदी पर बंधा यह बांध 1895 में अंग्रेजों ने प्रेसिडेंसी को 999 साल के पट्टे पर दिया था। जाहिर है, अंग्रेजों ने अपने शासनकाल में अपनी सुविधा और जरूरत के मुताबिक बांधों का निर्माण व अन्य विकास कार्य किए, लेकिन स्वतंत्र भारत में उन कार्यों, फैसलों और समझौतों की राज्यों की नई भौगोलिक सीमा और उस समय राज्य में रहने वाली जनता की सुविधा व जरूरत के हिसाब से पुर्नव्याख्या करने की जरूरत है, क्योंकि अब राज्यों के तर्क वर्तमान जरूरतों के हिसाब से सामने आ रहे हैं। इस लिहाज से केरल का तर्क है कि इस पुराने बांध की उम्र पूरी हो चुकी है, लिहाजा यह कभी भी टूटकर धराशायी हो सकता है। अब इस आशंका की तकनीकी समीक्षा हो और अगर शंका निर्मूल है तो जनता को जागरूक करने की जरूरत है। इस परिप्रेक्ष्य में तमिलनाडु की शंका है कि केरल जिस नए बांध के निर्माण का प्रस्ताव रख रहा है, तो यह जरूरी नहीं कि वह तमिलनाडु को पूर्व की तरह पानी देता रहेगा। इसलिए प्रस्ताव में दोनों राज्यों के हितों से जुड़ी शर्तों का पहले अनुबंध हो, तब बांध को तोड़ा जाए।

> पांच नदियों वाले प्रदेश पंजाब में रावी व व्यास नदी के जल बंटवारे पर पंजाब और हरियाणा पिछले कई दशकों से अदालती लड़ाई लड़ रहे हैं। इनके बीच दूसरा जल विवाद सतलुज और यमुना लिंक का भी है। प्रस्तावित योजना के तहत सतलुज और यमुना नदियों को जोड़कर नहर बनाने से पूर्वी व पश्चिमी भारत के बीच अस्तित्व में आने वाले जलमार्ग से परिवहन की उम्मीद बढ़ जाएगी।

केरल के सांसदों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से भी इस मुद्दे में हस्तक्षेप की अपील की है। इन विवादों के चलते इस मसले का भी निवारण नहीं हो पा रहा है। इसी तरह पांच नदियों वाले प्रदेश पंजाब में रावी व व्यास नदी के जल बंटवारे पर पंजाब और हरियाणा पिछले कई दश्कों से अदालती लड़ाई लड़ रहे हैं। इनके बीच दूसरा जल विवाद सतलुज और यमुना लिंक का भी है। प्रस्तावित योजना के तहत सतलुज और यमुना नदियों को जोड़कर नहर बनाने से पूर्वी व पश्चिमी भारत के बीच अस्तित्व में आने वाले जलमार्ग से परिवहन की उम्मीद बढ़ जाएगी। इस मार्ग से जहाजों के द्वारा सामान का आवागमन शुरू हो जाएगा। मसलन सड़क के समानांतर जलमार्ग का विकल्प खुल जाएगा। हरियाणा ने तो अपने हिस्से का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है, लेकिन पंजाब को इसमें कुछ नुकसान नजर आया तो उसने विधानसभा में प्रस्ताव लाकर इस समझौते को ही रद्द कर दिया। लिहाजा अब यह मामला भी अदालत में है। इसी तरह कर्नाटक, महाराष्ट्र और गोवा राज्यों के बीच महादयी नदी के जल बंटवारे को लेकर दशकों से विवाद गहराया हुआ है। गौरतलब है कि न्यायाधीश जेएम पंचाल व महादयी नदी जल ट्रिब्यूनल ने तीनों राज्यों को सलाह दी है कि जल बंटवारे का हल परस्पर बातचीत व किसी तीसरे पक्ष के बिना हस्तक्षेप के सुलझाएं। यह मसला सुलझता है या नहीं यह तो बातचीत के नतीजे सामने आने के बाद पता चलेगा? महत्वाकांक्षी नदी जोड़ो परियोजना में इन विवादों के स्थाई हल की उम्मीद की गई थी, लेकिन यह परियोजना भी पिछले दो दशकों में अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी। बहरहाल अंतरराज्जीय जल विवादों का राजनीतिकरण इसी तरह होता रहा तो देश की जीवनदायी नदियों में कावेरी की तरह आग लगना तय है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

## अफसरी आत्माएं सासुपना दिखाएं



रेखा शाह आरबी
व्यंग्यकार

इस दुनिया में अनेक प्रकार के लोग रहते हैं और उनके साथ साथ उनकी अनेक प्रकार की मनोदशा भी साथ रहती है। उन लोगों में एक प्रकार के वो लोग भी रहते हैं जो अपने साहिबी के पद के साथ जोंक के जैसे चिपके हुए रहते हैं। वह इंसान के रूप मे कम, साहब के रुप में खाते-पीते, सोते जागते ज्यादा है। उनका पद उन्हें कभी भी किसी समय उनको अकेला नहीं छोड़ता हैं और वह इंसान के रूप में कभी -कभी नजर आते हैं साहब के रूप में अपने को दिखाते ज्यादा हैं। यदि वह किसी को अपना परिचय देते हैं तो अपने देश, समाज और मां-बाप के बारे में बाद में बताते हैं। पहले सामने वाले को अपने पद के साथ मिलवाते हैं।

आप कभी उनसे मिलने जाइए तो आपको पता चल जाएगा कि आप एक इंसान से पहले एक साहब से मिलने आए हैं। गलती उनकी भी नहीं हैं यह दुनिया ही ऐसी है कि इंसान को सलाम करने से पहले रुतबे और दौलत को सलाम करती है। आजकल समाज में लोग ऐसे हो चुके हैं कि लोगों से लोग मिलना ही नहीं चाहते हैं, जरुरत जरुरतों से मिलती हैं। जो व्यक्ति आज साहब बन चुका है वह जब इंसान था तभी इस बात को बखूबी समझ चुका था।

इसलिए अब यदि कोई उससे मिलने आता है तो वह अपना इंसान घर के भीतरी हिस्से में छोड़कर आता है, बैठक में सिर्फ अपनी साहिबी लेकर जाता है मिलने के लिए। अब लोग भी पहले लोगों के पद से मिलना चाहते हैं। वह इंसान से ज्यादा अपने साहिबी गिरी को एक दूसरे से मिलवाते हैं और जरा भी उन्नीस साहब हुआ तो बीस वाले साहब हिकारत से देखने लगते हैं। यदि जरा सा बीस हो गया तो तुरन्त अतिरिक्त सम्मान देना प्रारंभ कर देते और तलवे चाटना शुरू कर देते हैं। दोनों में जो बीस रहता वह अकड़कर ताड़ का वृक्ष बन जाता है। पद की श्रेष्ठता उनके अंग-अंग-प्रत्यंग से प्रदर्शित होने लगती है। उनका बात व्यवहार बता देता है कि मैं तुमसे पद में बड़ा हूं, तुम्हें यह समझ लेना चाहिए और अक्सर सामने वाला समझ जाता है समझना ही पड़ता है। आखिर पानी में रहकर मगरमच्छ से बैर कौन कर सकता है और बैर करना कहां की समझदारी है। और जो यह नहीं समझता उसके लिए ही कहा गया है अपने 'पैर पर कुल्हाड़ी मारना'।

अतः मौका मिलते ही बड़ा साहब छोटे साहब का टेटूआ पकड़कर-मरोड़ देता है और समझा देता है कि देखो मैं तुमसे बड़ा हूं और अपनों से बड़ों का सम्मान करना चाहिए। भले ही तुमको सम्मान करना नहीं आता है, लेकिन मुझे अपना सम्मान करवाना आता है। ऐसे ही नहीं यहां तक पहुंचा हूं, यह सास भी कभी बहू थी और अपने बहू वाले दिनों में अपने सास के पैरों की खूब मालिश और सर पर खूब चंपी, चमचागिरी करने के बाद ही सास बनने का सुख और सौभाग्य प्राप्त हुआ है और बहू रहते जिन कलाकारियों को पसीना गिरा-गिराकर सीखा है उसे ऐसे ही थोड़े ना व्यर्थ जाने दिया जाएगा, उसे मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अगले तक पहुंचाऊं। वरना अफसरगिरी के इतिहास में मेरा नाम काले अक्षरों में लिखा जाएगा।

---




**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@ashokgehlot51
युवा शक्ति से तरक्की को गति!
युवा शक्ति की ऊर्जा, मेधा व प्रतिभा को यथोचित मंच दिलाना हमारी प्राथमिकता है। वा शक्ति से तरक्की को गति!
युवा शक्ति की ऊर्जा, मेधा व प्रतिभा को यथोचित मंच दिलाना हमारी प्राथमिकता है।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@arvindkejriwal
अब इन्होंने CM आवास की CBI जांच शुरू करवा दी। प्रधानमंत्री जी घबराए हुए हैं। ये उनकी घबराहट दिखाता है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
मानवीय पीड़ा मानव मस्तिष्क में निर्मित होती है, साथ ही मानवीय सीमाएं भी।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
उम्मीद की रोशनी को कभी कम ना होने देना, उजाला करने के लिए एक जुगनू ही काफी होता है



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
यह महत्वपूर्ण है कि हम समय-समय पर बाहरी हर चीज से अलग हो जाएं ताकि हम आंतरिक रूप से खुद से जुड़ सकें क्योंकि खुद के साथ हमारा रिश्ता हमारे सभी रिश्तों के लिए आधार तय करता है।

---

## नॉलेज कॉर्नर: 12 एकड़ में फैला उद्यान संजोए रखेगा हमारी संस्कृति

# विश्व का एकमात्र वैदिक पार्क 'वेदवन'

आजकल के युग में पश्चिमी संस्कृति का असर देखने को मिलता है, यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि अब बच्चे अंग्रेजी गाने सुनना ज्यादा पसंद करते हैं। वहीं अगर उनसे भारतीय संस्कृति से जुड़ी बात की जाए तो बहुत कम बच्चे और युवा होंगे जो इस बारे में अधिक ज्ञान रखते हों। यह किसी को कमतर आंकने वाली बात नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए चिंता की बात है। हालांकि कई माता-पिता बच्चों को हमारी परंपरा व संस्कृति से जोड़े रखने के लिए उनके बचपन से ही वेदों व शास्त्रों के बारे में जानकारी देते हैं। देश की संस्कृति व इतिहास को संजोए रखने के लिए एनसीआर में एक उद्यान बनाया गया, जिसे वेदवन के नाम से जाना जाता है। इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### नोएडा में बना वेदवन

वेदों और शास्त्रों से रू-ब-रू करवाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा के सेक्टर 78 में एक पार्क बनाकर तैयार किया गया है। हाल ही में आम जनता के लिए इसे खोला गया है। खास बात यह है कि जो कोई भी व्यक्ति एक बार वेदवन का भ्रमण करेगा वह वेदों का विशेष ज्ञान प्राप्त करके लौटेगा। यहां भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग माने जाने वाले वेदों को आधार मानकर कई कलाकृतियां बनाई गई है। वेदवन पूरे 12 एकड़ के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यहां सभी चार वेद, गायत्री मंत्र और सप्तऋषि का उल्लेख किया गया है। इसमें विशेष रूप से



ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद और सामवेद के लिए अलग-अलग जोन बनाए गए हैं। इसके अलावा इस पार्क में पचास हजार से आयुर्वेदिक पौधे लगाए गए हैं। सुविधा के लिए सभी के सामने नाम की पट्टी लगाई गई है। दरअसल इस पार्क को बनाने के पीछे यह उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ी को वेदों की जानकारी मिल सके।

### उद्यान की खासियत

- पार्क में लगाए गए वेदों में वर्णित औषधियों के पेड़-पौधे।
- पूरे क्षेत्र को सात सप्त ऋषियों के क्षेत्रों में किया गया विभाजित।
- तालाब के सामने बनाया गया ऋषि अगस्त्य का स्कल्पचर।
- उद्यान में रोजाना रात 8 बजे होता है 30 मिनट का लाइट शो।
- लाइट शो के जरिए दिखाई जाती है संस्कृति की झलक।
- कल्प वृक्ष, बेल, कदम्ब, कटहल, सेमुल, पलाश के पेड़ लगाए गए।

**28 करोड़ की लागत से बना**

*यह पार्क उत्तरप्रदेश के नोएडा शहर में सेक्टर 78 में स्थित है। इसे नोएडा प्राधिकरण द्वारा 28 करोड़ की लागत से बनवाया गया है। इसके अलावा गुरुकुल की झलक भी यहां दिखाई गई है, जिससे वर्तमान पीढ़ी यह समझ सकेगी कि कैसे उस युग में अध्ययन करवाया जाता था।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*



## सीधे फील्ड से | मारवाड़ कांग्रेस का गढ़, पर तीसरी पार्टी रालोपा बिगाड़ सकती है खेल

# कांग्रेस कॉन्फिडेन्ट, भाजपा कन्फ्यूज

# हनुमान दोनों की परेशानी



■ जोधपुर से **यमुनाशंकर सोनी** की रिपोर्ट



**बेधड़क** | जोधपुर

मारवाड़ राजस्थान की राजनीति की गाड़ी में 'ड्राइविंग' सीट पर बैठता आया है। यहां का प्रमुख शहर जोधपुर प्रदेश की सांस्कृतिक और न्यायिक राजधानी होने के साथ ही राजनीतिक राजधानी भी है। सियासत इस 'नीले शहर' की रग रग में बसी है।

राजस्थान बनने से लेकर वर्तमान तक मारवाड़ ने ऐसे कई धुरंधर राजनीतिज्ञ दिए हैं जिन्होंने प्रदेश के विकास में योगदान देने के साथ देश की राजनीति में अलग मुकाम बनाया। जयनारायण व्यास से लेकर बरकतुल्ला खान, परसराम मदेरणा से लेकर रामसिंह विश्नोई, खेतसिंह राठौड़ से लेकर राजनीति के जादूगर सीएम अशोक गहलोत हों या पूर्व विदेश मंत्री जसवंतसिंह जसोल से लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत। इन सभी ने मारवाड़ को प्रदेश की राजनीति में शीर्ष पर पहुंचाया है।

अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जाट, विश्नोई, राजपूत, मुसलमान और ओबीसी, खासकर माली मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। राजनीतिक माहौल परवान पर है। कांग्रेस का दारोमदार सीएम अशोक गहलोत पर है। पार्टी में अधिकांश सीटों से बने पैनल में एक प्रत्याशी के नाम गए हैं। गहलोत की सोशल इंजीनियरिंग और हर तबके के लिए की गई राहत की घोषणाएं असर दिखा रही हैं। थार रेगिस्तान में आबाद मारवाड़ और जोधपुर को प्रदेश की सांस्कृतिक, न्यायिक और राजनीतिक राजधानी कहा जाता है। यहां की अपणायत व खानपान दुनिया में सराहा जाता है। इस संभाग के बाड़मेर और जैसलमेर जिलों की सीमा पाकिस्तान से लगती है। संभाग की भौगोलिक स्थिति सामरिक लिहाज से विशेष स्थान रखती है।

### सड़कें, सीवरेज भी समस्या

जोधपुर शहर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पिछले पांच वर्ष में विकास के कई काम हुए हैं। गत दिनों सीएम गहलोत ने एक ही दिन में शहर और जिले को विकास की कई सौगातें एक साथ दी थीं। फिर भी सड़कों की हालत, सीवरेज समस्या, कचरा निस्तारण और सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के मामले चर्चा में आते रहते हैं।

### 'संजीवनी' में डूबा पैसा बड़ा मुद्दा

संजीवनी क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी जोधपुर ही नहीं पाली संभाग में बड़ा मुद्दा है। इसमें लाखों निवेशकों के करोड़ों रुपए फंस गए हैं। अधिकांश निवेशक नौकरी पेशा, अल्प आय या मध्यम वर्ग के हैं। कई ऐसे हैं जिनकी जिंदगी भर की जमा पूंजी डूब गई। कई परिवार सड़क पर आ गए। कई निवेशक आत्महत्या कर चुके हैं। अदालत में मामले दर्ज हैं। लोग अपना पैसा वापस पाने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस मामले में प्रधानमंत्री से राइट टू सिक्योर बिल लागू करने की मांग कर रहे हैं। सीएम चाहते हैं कि लोगों को उनका पैसा वापस मिले। इस मामले को लेकर गहलोत और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आमने-सामने हैं।

### बेनीवाल बिगाड़ सकते हैं दोनों पार्टियों का गणित

वैसे तो संभाग में कांग्रेस और भाजपा के बीच ही चुनावी मुकाबला रहता है। लेकिन पिछले चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने जोधपुर जिले की भोपालगढ़ सुरक्षित विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कर सबको चौंका दिया था। बाड़मेर जिले की बायतु विधानसभा सीट से रालोपा प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार भी यह पार्टी एक से अधिक विधानसभा सीटों पर कांग्रेस और भाजपा का समीकरण बिगाड़ सकती है। रालोपा सांसद हनुमान बेनिवाल अकसर जोधपुर आते हैं। उनका दारोमदार जाट जाति के युवाओं पर है। कांग्रेस और भाजपा से टिकट चाहने वाले अपने-अपने दल के नेताओं को खुद का चेहरा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। कई दावेदार ऐसे हैं जो किसी भी हालत में चुनाव लड़ने के तेवर दिखा रहे हैं। तैयारी ऐसी है कि टिकिट नहीं मिला तो निर्दलीय ताल ठोक देंगे।

### भाजपा में ऊहापोह और उत्साहहीनता

भाजपा में अजीब सी ऊहापोह है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का मारवाड़ में खासा असर रहा है। आने वाले चुनाव में उनकी भूमिका पार्टी की संभावनाओं को निश्चित तौर पर प्रभावित करेगी। फिलहाल तो उनकी निष्क्रियता का असर पार्टी की ओर से निकाली गई परिवर्तन संकल्प यात्रा में पार्टीजनों की उत्साहहीनता के तौर पर साफ नजर आया है। गत दिनों सांसद और केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत की ओर से वरिष्ठ विधायक सूर्यकांता व्यास की उम्र को लेकर बयान और उसके बाद व्यास के जवाब ने पार्टी में चल रहे अंतरद्वंद्व को ही उजागर किया है।

### गहलोत के सामने बड़ा चेहरा लाने की तैयारी

जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण और फलोदी को नया जिला बना दिया गया है। अब जोधपुर ग्रामीण में पांच, जोधपुर में तीन और फलोदी में दो विधानसभा क्षेत्र हैं। जोधपुर की सरदारपुरा सीट पर सीएम अशोक गहलोत का दबदबा है। वे तीन बार सीएम बन चुके हैं। गत चुनाव में गहलोत ने भाजपा के शंभूसिंह खेतासर को हराया था। चर्चा है कि भाजपा केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह और राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत में से किसी एक को उम्मीदवार बना सकती है। जोधपुर शहर से कांग्रेस की मनीषा पंवार, सूरसागर से भाजपा की सूर्यकांता व्यास और लूणी विधानसभा से कांग्रेस के महेन्द्र विश्नोई विधायक हैं। पूर्व दिग्गज नेता रामसिंह विश्नोई परिवार का यहां दबदबा रहता आया है। ओसियां से कांग्रेस की दिव्या मदेरणा विधायक हैं। पूर्व मंत्री महिपाल मदेरणा और जिला प्रमुख लीला मदेरणा की बेटी दिव्या ने अपनी खास इमेज बनाई है। शेरगढ़ से कांग्रेस की मीना कंवर, भोपालगढ़ से रालोपा के पुखराज गर्ग और बिलाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के हीराराम मेघवाल विधायक हैं।


(मारवाड़ के शेष जिलों का विश्लेषण पढ़ें कल के अंक में)


## बिहाइंड द कर्टेन



### आखिर यह मैसेज क्या है?

फूल वाली पार्टी के चुनावी मंथन में मोटाभाई और हिमाचली साहब की मिस्ट्री कई भाई लोगों के समझ में नहीं आ रही है। बैठक का संदेश भी भाई लोग अपने-अपने तरीके से बांच रहे हैं। बैठक में किसको क्या कहा ये तो खुद बैठक में मौजूद रहे नेताओं को भी नहीं पता चला, लेकिन एक्शन के रि-एक्शन से कयास लगाए जा रहे हैं। बीकानेर वाले भाईजी की घर वापसी का अलग संदेश है। वहीं चुनावी सिकंदर को लेकर दिए गए साफ मैसेज का अलग संदेश है। भाई लोग सरदार पटेल मार्ग के ठिकाने की बाहर की थड़ी से लेकर वर्चुअल दुनिया में कई तरह के कयास गोते लगा रहे हैं। अपने-अपने हिसाब से अर्थ और अनर्थ निकाले जा रहे हैं। भाई लोगों का चार साल से बना कंफ्यूजन अभी भी बरकरार है। वहीं भाई लोग एक सवाल का जवाब और तलाशते फिर रहे है। भाईसाहबों से मुलाकात क्यों टली। क्यों भाईसाहबों की ताकत का चुनाव में भरपूर सहयोग किए जाने की रणनीति बनाई गई है। हर जिले में ताकत झोंकने के लिए मेगा प्लान भी तैयार किया गया। लेकिन बिगुल बजाने वालों से चर्चा टालना अलग मैसेज दे रहा है। इधर मैसेज की तलाश के बीच राजस्थान में रहे एक पुराने भाईसाहब धर्म दण्ड और धर्म राज का अपना अलग मैसेज दे गए।

■ यायावर

## ई वॉर



Dr. Mahesh Joshi @DrMaheshJoshimp · Sep 26

मंज़िल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है
सिर्फ पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है

BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan

मुख्यमंत्री जी ने एक बयान में कहा है कि उपराष्ट्रपति जी बार-बार राजस्थान आ रहे हैं। मैं मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं क्या कुछ ऐसा वीजा सिस्टम लागू कर रहे हैं कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को राजस्थान आने के लिए प्रदेश सरकार से वीजा लेना पड़ेगा।

- श्री @Rajendra4BJP, नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान विधानसभा

Translate post

## पॉली टून




## थड़ी पॉलीटिक्स



### अगर 'बोतल' से निकला 'झाड़ू' का जिन्न तो दोनों के लिए होगी मुश्किल

**स्थान** जैन की थड़ी, मानसरोवर | **समय** शाम 04:15

*राजनीति का मिजाज समझना हो तो गांवों के चौपाल और शहरों की थड़ियों पर जमी मंडलियों से बेहतर इसके लिए कोई जगह नहीं। यहां दावे होते हैं, बहस होती है लेकिन इन सबके साथ होती है जमीनी हकीकत जो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी होती है। राजस्थान के चुनावी मिजाज को समझने हम मानसरोवर में जैन की थड़ी पहुंचे तो यहां अलग अलग मंडलियां चाय की चुस्की के साथ गपशप में मशगूल थी। "इस हिसाब से तो अगर बीजेपी ने वसुंधरा राजे को साइड लाइन किया तो राजस्थान में सरकार बनाना भूल ही जाए। फिर जादूगर ने भी तो जनता की भलाई के लिए इतने काम कर दिए हैं कि इस बार जनता इनकी सरकार रिपीट भी करवा सकती है।" सोहनपाल गुर्जर की बात सुनकर थड़ी पर उसके साथ बैठे भूगोल सिंह और अरविन्द चौधरी हंसने लगते हैं। भूगोल सिंह से रहा नहीं जाता, वह कहता है- "मुझे तो लगता है कि कहीं बीजेपी कांग्रेस आपस में ही ना लड़ती रह जाएं और पता चले कि हनुमान बेनीवाल बाजी मार गया।" अरविन्द चौधरी भी बहस में कूदता है- "सुनो भैया इस बार आम आदमी पार्टी को आप लोग कमजोर मत समझो। तुम लोग शायद भूल गए दिल्ली के वो दिन जब किसी ने सोचा नहीं था कि अरविन्द केजरीवाल झाड़ू के सहारे सरकार बना लेंगे, और देख लो दूसरी बार भी सरकार बना ली। भूगोल सिंह बीच में बात काटते हुए बोलता है- "भैया मुझे तो लगता है कि इस बार आम आदमी पार्टी का झाड़ू और हनुमान बेनीवाल की बोतल साथ में सरकार बना सकते हैं।" बहस के बीच में चाय वाले जैन अंकल की एंट्री होती है जो काफी देर से इनकी बातें सुन रहे थे। वे बोलते हैं- "भैया गहलोत ने आम आदमी और गरीबों के लिए काम किए हैं यह भूलो मत। इस बार जादूगर अपना जादू चलाकर ही मानेगा।" सभी लोग जैन अंकल को देखकर हंसने लगते हैं। चाय खत्म कर सभी उठ खड़े होते हैं।*

■ *निरंजन चौधरी*

## पॉली क्लिक्स



*बीकानेर के कोलायत से विधायक देवीसिंह भाटी पांच साल बाद भाजपा में लौटे हैं। भाजपा में भाटी खुद आए हैं या लाए गए हैं ये बहस का मुद्दा हो सकता है पर बीकानेर के साथ ही प्रदेश की राजनीति में अहम स्थान रखने वाले भाटी का भाजपा में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से भी उन्होंने मुलाकात की।*

## चुनावी इतिहास के झरोखे से

# रेतीली ढाणियों में हुआ था देश के पहले चलते फिरते मतदान केंद्रों का प्रयोग



■ **गुलाब बत्रा**, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

एक कहावत बहुत पुरानी है- कुआं प्यासे के पास। राजस्थान के थार मरुस्थल के लिए तो यह कहावत दिन के सपने जैसी लगती है। यदि यह सच हो जाए तो क्या कहने- लेकिन यह कहावत चरितार्थ हुई- चुनावी चक्कर में। पाकिस्तान से लगती अन्तरराष्ट्रीय सीमा से लगता है बाड़मेर जिला। चौहटन विधान समा क्षेत्र सीमावर्ती है। दूर-दूराज तक बसे गांव और ढाणियां ठेठ दुपहरी की चिलचिलाती धूप में मरुस्थल में मृगतृष्णा के दीदार हकीकत लगते हैं, तब भला चुनाव में वोट डालने की जहमत कौन उठाए। अलबत्ता कुछ उत्साही मतदाता कुछ जुगाड़ करके अन्य मतदान केन्द्रों तक पहुंचकर मतदान यज्ञ में आहुति देने की कोशिश किया करते थे। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव नजदीक थे। निर्वाचन की



*राजस्थान की तृतीय विधानसभा का मोहनलाल सुखाड़िया मंत्रिमंडल।*

तैयारियों के लिए राजस्थान आए मुख्य चुनाव आयुक्त ए एस गिल का बाड़मेर आना हुआ। तब वहां जिला कलक्टर आर एन अरविंद जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने चौहटन क्षेत्र की सुदूर ढाणियों के मतदाताओं तक पहुंच के लिए चलते-फिरते मतदान केन्द्र के बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त से चर्चा की। गिल साहब को यह सुझाव जंच गया और उन्होंने मौके पर ही इसकी अनुमति दी। अरविंद जी ने राज्य के निर्वाचन विभाग के माध्यम से चुनाव आयोग से इसकी विधिवत अनुमति प्राप्त कर ली।

देश में सम्भवतः पहली बार चलते फिरते मतदान केन्द्र का प्रयोग किया

जाना था। इसलिए ठेठ ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर संघर्ष करते हुए जिला कलक्टर पद पर आसीन हुए अरविंद ने इस अनूठे प्रयोग के हर पहलू पर बारीकी से ध्यान दिया। दूर दराज की ढाणियों में रहने वाले मतदाताओं को उनकी ढाणी में ही मतदान की सुविधा के बारे में जानकारी दिलवाई । यही नहीं चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ढाणी-ढाणी से प्रत्याशियों के चुनाव एजेन्ट बनाने की व्यवस्था की। कांग्रेस के कर्नल सोनाराम का भाजपा के मानवेन्द्र सिंह से मुकाबला था। मई का महीना, तेज धूप और आंधियों का मौसम। आवश्यकतानुसार तीन चार ऊंट गाड़ियों की व्यवस्था की गई। चूंकि परम्परागत मतपत्र विधि से मतदान कराया जाना था। इसलिए मतदान सूची सहित अन्य सामग्री के साथ मतदान दल ऊंट गाड़ियों पर रवाना किए गए। यह मतदान दल एक

ढाणी के इलाके में पहुंचता और किसी पेड़ की छांव में काफिला रुकता। ढाणी में वोट डालने की खबर भेजी जाती। ढाई से तीन घंटे में मतदान प्रक्रिया पूरी कर मतदान दल अगली ढाणी के लिए कूच करता। चलते फिरते इन मतदान केन्द्रों की सहायता से लगभग नौ-दस ढाणियों के मतदाताओं से मतदान कराया गया। नतीजतन जहां पहले इन ढाणियों के 40 से 50-60 प्रतिशत मतदाता अपना वोट डालते थे, इस प्रयोग से मतदान प्रतिशत लगभग 70 प्रतिशत हो गया।

ऊंट गाड़ियो पर सवार मतदान दल तथा मतपेटियों की सुरक्षा की दृष्टि से जीप से दो जोनल ऑफीसर भी भेजे गए। चुनाव के लिए चलते फिरते मतदान केन्द्र के अनूठे प्रयोग के साथ अरविंद ने बाड़मेर महोत्सव में कई नवाचार किए।




**मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव:** भाजपा की सूची का कांग्रेस को भी इंतजार, चुनावी रणनीति का है चक्कर

# ज्योतिरादित्य शिवपुरी से हो सकते हैं भाजपा प्रत्याशी, कयास तेज

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में अगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी पार चढ़ा हुआ है। गत दिनों भाजपा द्वारा घोषित 39 प्रत्याशियों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों को टिकट दिए जाने के बाद अब पार्टी की अगली सूची को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

इस बात को लेकर कयास तेज हो गए हैं कि क्या भाजपा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को शिवपुरी सीट से पार्टी मैदान में उतारेगी। भाजपा ने तीसरी सूची में सिर्फ एक सीट पर प्रत्याशी घोषित किया था। इस सूची में अमरवाड़ा सीट से मोनिका बट्टी का नाम घोषित किया था। अमरवाड़ा छत्तीसगढ़ की सुरक्षित सीट है और माना जा रहा है कि वहां मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को घेरने के लिए कही भाजपा ने मोनिका बट्टी को वहां से प्रत्याशी बनाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 1 अक्टूबर को भोपाल दौरे पर रहेंगे। कयास हैं कि कि इस दौरान लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा कर सकते हैं। शाह के दौरे के बाद 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर आने वाले हैं। इसलिए भाजपा की रणनीति के हिसाब से यह दौरा बहुत ही अहम है। फिलहाल भाजपा की चौथी सूची की प्रतीक्षा भाजपाइयों की तरह ही कांग्रेसियों को भी है क्योंकि कांग्रेस भाजपा की इस सूची को देखकर अपनी चुनावी रणनीति में अहम परिवर्तन कर सकती है। कांग्रेस भाजपा की दिग्गज नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने की नई रणनीति को देखते हुए जवाबी व्यूहरचना करने की तैयारी में जुटी है। वह इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।



### यशोधरा राजे इस बार चुनाव लड़ने की इच्छुक नहीं

सूत्रों के मुताबिक भाजपा इस बार सिंधिया को शिवपुरी सीट से विधानसभा का टिकट दे सकती है। शिवपुरी सीट फिलहाल उनकी बुआ यशोधरा राजे के पास है और इस बार वह चुनाव लड़ने की इच्छुक नहीं बताई जाती हैं। शिवपुरी सीट से यशोधरा राजे सिंधिया 1998 से जीत रही हैं। वो दो बार ग्वालियर से सांसद भी रही हैं। फिलहाल वो मध्य प्रदेश की सरकार में स्पोर्ट्स, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

**ग्वालियर-चंबल के समीकरण साधने की जुगत:** सूत्रों के अनुसार पार्टी सिंधिया को वहां से शिवपुरी से चुनाव मैदान में उतारकर ग्वालियर-चंबल अंचल में राजनीतिक समीकरण साधने की जुगत में है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को पार्टी पहले ही टिकट दे चुकी है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि सिंधिया व तोमर के माध्यम से भाजपा ग्वालियर-चंबल अंचल के समीकरण अपने अनुकूल बना सकती है। इसके अलावा लोगों की नजर मुख्यमंत्री शिवराज चौहान की सीट पर भी टिकी हैं। सूत्रों के मुताबिक शिवराज को इस बार विदिशा की किसी सीट से चुनाव लड़ाया जा सकता है। इसके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी इस बार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा सकते हैं। उन्हें भोपाल की ही किसी सीट से चुनाव लड़ाया जा सकता है।

### जनसंपर्क के लिए पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय

इंदौर की विधानसभा सीट एक से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्र में जाकर जनसंपर्क किया। इससे पहले कैलाश विजयवर्गीय करीब दो करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ भी इस क्षेत्र में कर चुके हैं। विजयवर्गीय गुरुवार को इसी क्षेत्र में लोगों से मिलने पहुंचे। दरअसल, लोगों से चर्चा करते हुए उन्होंने सड़क निर्माण की बात की। इस दौरान सड़क बनाने वाला ठेकेदार भी कैलाश विजयवर्गीय के साथ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह सड़क अच्छी क्वालिटी की बनी चाहिए, हम चुनाव लड़ते हैं तो चंदा नहीं मांगते हैं।

### मेनका को भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस



**कोलकाता।** इस्कॉन ने शुक्रवार को कहा कि उसने उसकी गौशालाओं में गायों के रखरखाव को लेकर इस धार्मिक संगठन पर सवाल उठाने के लिए भाजपा की सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है। इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने एक बयान में यह बात कही है।

### कर्नाटक बंद से आम जनजीवन प्रभावित

**बेंगलुरु।** कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु के लिए छोड़ने के खिलाफ 'कन्नड़ ओक्कूटा' की ओर से शुक्रवार को कर्नाटक बंद के आह्वान से राजधानी बेंगलुरु समेत राज्य के अन्य दक्षिणी हिस्सों में आम जनजीवन प्रभावित रहा। अधिकारियों ने बेंगलुरु शहरी, मांड्या, मैसूरु, चामराजनगर, रामानगर और हासन जिलों में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी थी और वहां के स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा कर दी थी।

### मध्य प्रदेश में महिला होना पाप हो गया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के उज्जैन में 12 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर शुक्रवार को राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि भाजपा के शासन के तहत इस राज्य में दलित, आदिवासी और महिला होना पाप हो गया है। पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां यह बात कही।

**राजस्थान समेत पांच राज्यों में विस चुनाव पर** बोले शरद पवार...

# इंडिया के घटक दलों में विवाद टालने की तय करेंगे प्रक्रिया

**एजेंसी** | पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता बरतेगा कि इसके सहयोगी साझेदारों के बीच कोई विवाद न हो। इन राज्यों में राजस्थान और मध्य प्रदेश भी शामिल हैं, जहां कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पवार महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' तय करेगा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में गठबंधन के सहयोगी दल कैसे मिलकर काम करते हैं। मुंबई लौटने के बाद, मैं कांग्रेस और अन्य दलों के नेताओं से बातचीत करूंगा तथा हम यह सुनिश्चित करने के लिए ऐहतियात बरतेंगे कि इन राज्यों में गठबंधन के साझेदारों के बीच कोई विवाद न हो। यह प्रक्रिया अगले आठ से 10 दिन में शुरू होगी।

छत्तीसगढ़, मिजोरम, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।



### इंडिया के उम्मीदवारों के समर्थन का संकल्प

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में, 50 से अधिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा नहीं बने 18 छोटे दलों के नेताओं ने आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में विपक्षी गठजोड़ के उम्मीदवारों का समर्थन करने का शुक्रवार को संकल्प लिया। भारत जोड़ो अभियान और कंफेडरेशन ऑफ इंडियन कम्युनिस्ट्स एंड डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट्स द्वारा आयोजित 'जीतेगा इंडिया : नेशनल कन्वेंशन फॉर डेमोक्रेसी, सेक्युलरिज्म एंड सोशल जस्टिस' में स्वराज इंडिया के नेता योगेन्द्र यादव ने कहा कि वे उन 100 से 150 सीट पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जहां विपक्षी उम्मीदवार बहुत कम मतों के अंतर से हारे हैं, और उन्हें वोट बढ़ाने में मदद करेंगे। योगेन्द्र ने कहा कि 20 से अधिक राज्यों के प्रतिनिधि शुक्रवार को हुए सम्मेलन में शरीक हुए।

### गठबंधन के निष्पक्ष नेताओं को भेजकर करेंगे मुद्दे हल

पवार ने पश्चिम बंगाल में स्पष्ट टकराव के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वहां निकट भविष्य में अभी कोई चुनाव नहीं है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में कुछ सीट पर दावा जताया है। उन्होंने कहा, जब चुनाव नजदीक हों तो 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच मतभेदों से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, हम गठबंधन से निष्पक्ष नेताओं को भेजकर मुद्दों को हल कर लेंगे। कुछ महीनों में चार से पांच राज्यों में चुनाव होने हैं और उनके लिए यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

**पीएम मोदी कल जाएंगे तेलंगाना**

## 13,500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की देंगे सौगात

**एजेंसी** | हैदराबाद/ नई दिल्ली

तेलंगाना में विधानसभा चुनावों को लेकर प्रचार अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क एक अक्टूबर को प्रस्तावित दौरे के बाद गति मिलने के आसार हैं।

पीएम मोदी एक अक्टूबर को तेलंगाना को 13,500 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद तीन अक्टूबर को उनका एक और दौरा प्रस्तावित है।

पीएमओ के अनुसार 'प्रधानमंत्री मोदी 1 अक्टूबर को दोपहर लगभग सवा दो बजे महबूबनगर जिले में पहुंचेंगे, जहां वह सड़क, रेल, पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सेक्टरों में 13,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

पीएमओ ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप देशभर में आधुनिक सड़क अवसंरचना के विकास को गति देने के संबंध में यह एक अहम कदम है।

### खरगोन में शिवराज




*खरगोन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को खरगोन जिले में खरगोन मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन समारोह में भाजपा के अन्य नेताओं के साथ। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी। बाद में अलीराजपुर में 905.46 करोड़ रुपए की माइक्रो उद्धवहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया।* **- पीटीआई**

**विधि आयोग में जारी है मंथन**

## 2029 से चुनाव एक साथ कराने के फॉर्मूले पर काम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विधि आयोग मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर 2029 से लोकसभा चुनाव के साथ सभी के चुनाव एक साथ कराने के फॉर्मूले पर काम कर रहा है। आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि विधि आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के वास्ते एक आम मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है ताकि लागत कम हो सके और जनशक्ति का इस्तेमाल लगभग एक समान कवायद के लिए किया जा सके जो अभी निर्वाचन आयोग और विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोगों द्वारा की जाती है।

सूत्रों ने हालांकि यह भी बताया कि एक साथ चुनाव पर विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार नहीं है क्योंकि कुछ मुद्दों का निपटारा होना बाकी है। वर्ष 2029 से राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा, दोनों चुनाव एक साथ कराना सुनिश्चित करने के लिए पूर्व न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी के तहत आयोग विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का सुझाव दे सकता है।



### दो चरण में चुनाव संभव

विधि आयोग एक सुझाव यह दे सकता है कि त्रिस्तरीय चुनाव एक साल में दो चरणों में कराए जाएं। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं और दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं।

### इन बिंदुओं पर हो रहा है विचार

- एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था हो जाए, तो मतदाता दोनों चुनावों के लिए मतदान करने के वास्ते केवल एक बार मतदान केंद्र पर जाएं। इसके लिए एक तंत्र कैसे किया जा रहा है तैयार।
- विधानसभा और संसदीय चुनाव विभिन्न चरणों में होते हैं। इसके लिए क्या हो व्यवस्था, इस पर हो रही मंत्रणा।

### ई-एफआईआर के पंजीकरण की अनुमति दी जाए

**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने सिफारिश की है कि उन सभी संज्ञेय अपराधों के लिए ई-एफआईआर के पंजीकरण की अनुमति दी जानी चाहिए जहां आरोपी अज्ञात है और ऐसे सभी संज्ञेय अपराधों के लिए इसका दायरा बढ़ाया जाना चाहिए जिनमें नामजद आरोपी की स्थिति में तीन साल तक की जेल की सजा हो सकती है।

### सहमति की उम्र में बदलाव नहीं करने की सलाह

विधि आयोग ने सरकार को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की मौजूदा उम्र में बदलाव नहीं करने की सलाह दी है। देश में, सहमति की उम्र अभी 18 वर्ष है।आयोग ने 16 से 18 वर्ष के बीच की आयु के किशोरों की मौन स्वीकृति से संबंधित पॉक्सो मामलों में सजा के विषय में निर्देशित न्यायिक विवेक लागू करने का सुझाव भी दिया है।


**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# पीएम मोदी आज छत्तीसगढ़ में, बिलासपुर में साधेंगे चुनावी समीकरण

**एजेंसी** | बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में भाजपा की 'परिवर्तन यात्राओं' के समापन समारोह में शामिल होंगे। पिछले तीन महीने में प्रधानमंत्री मोदी की छत्तीसगढ़ की यह तीसरी यात्रा है। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होंगे और कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियां सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत से जुटी हैं।

पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने भाजपा की 15 साल से जारी सत्ता को विराम लगा दिया था और इस बार वह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के कामकाज की बदौलत सत्ता में वापसी की उम्मीद पाले हुए है। कांग्रेस के तीन प्रमुख नेता राहुल गांधी, पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा के हाल के दौरे इसी बात के संकेत करते हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। आप नेता बिलासपुर में सभा कर चुके हैं। आप के अलावा भाजपा व कांग्रेस में भी बिलासपुर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ का दौरा किया और प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले पार्टी की चुनावी रणनीति को लेकर स्थानीय नेताओं के साथ मंथन किया।



पीएम मोदी छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े संभाग बिलासपुर में ये दूसरी बार पीएम मोदी आ रहे हैं। इससे पहले 14 सितंबर को पीएम मोदी बिलासपुर संभाग के रायगढ़ जिले में चुनावी शंखनाद कर चुके हैं। वहीं 7 जुलाई को वे राजधानी रायपुर के दौरे पर आए थे।

### प्रधानमंत्री दो परिवर्तन यात्राओं के समापन पर महासंकल्प रैली को करेंगे संबोधित



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शनिवार दोपहर दो बजे यहां के साइंस कॉलेज मैदान में दो परिवर्तन यात्राओं के समापन समारोह परिवर्तन महासंकल्प रैली' को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि पहली परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर को दंतेवाड़ा (दक्षिणी छत्तीसगढ़) से निकाली गई थी, जबकि दूसरी 15 सितंबर को जशपुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) से निकाली गई थी। साव ने बताया कि दोनों यात्राओं ने कुल 90 में से 87 विधानसभा क्षेत्रों में तीन हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की। बिलासपुर में समापन से पहले इन यात्राओं में 83 स्वागत सभाएं, चार रोड शो और विभिन्न सार्वजनिक सभाएं हुईं।

### बिलासपुर पर क्यों टिकी है भाजपा की नजर!

बिलासपुर छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग है। जहां 8 जिलों में 25 विधानसभा सीट आती है। 2018 के विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा कांग्रेस से पीछे रह गई थी। 25 में से कांग्रेस के पास 14, भाजपा 7, जोगी कांग्रेस 1 और बहुजन समाज पार्टी के पास 2 सीट है। वहीं जोगी कांग्रेस से अलग हुए धर्मजीत सिंह अब भाजपा में शामिल हो गए है। इस लिहाज से भाजपा बिलासपुर संभाग में अपनी स्थिति बेहतर करने में पूरी ताकत झोंक रही है। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और पूर्व आईएएस ओपी चौधरी भी इसी संभाग से आते है। इस लिए भाजपा के बड़े नेताओं की साख दांव पर लगी है।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा घेरे में रखा गया है। कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए पुलिस, विशेष सुरक्षा दल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और होमगार्ड के 1500 जवान तैनात हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए शहर के तीन किलोमीटर के दायरे को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है तथा ड्रोन रोधी बंदूकें भी तैनात की गई हैं।

### भाजपा की हुई थी करारी हार

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए 2018 में हुए चुनाव में रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार कांग्रेस से हार गई थी। 15 वर्ष तक सत्ता में रही भाजपा को इस चुनाव में केवल 15 सीटें की मिल सकी थी। कांग्रेस ने राज्य के 90 में से 68 विधानसभा सीटों की जीत हासिल की थी। कांग्रेस के पास वर्तमान में 71 सीटें हैं।

## सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 6, 7 और 8 अक्टूबर को होगा जीतो कनेक्ट

# उद्यमी-सेलिब्रिटी देंगे सक्सेस मंत्र

बेधड़क | जयपुर

जीतो कनेक्ट 2023 की मेजबानी इस साल गुलाबी नगरी करने जा रहा है। इंटरेक्टिव सेशन, 700 बुतों के साथ एक्सक्लूजिव ग्रैंड बाजार और सेशंस के साथ जीतो जयपुर सभी को एंटरटेन भी करेगा। यह कार्यक्रम ओपन फॉर ऑल रहेगा, जहां शहर का युवा इन सभी सेशंस से बिजनेस और स्टार्टअप मॉड्यूल को खास समझ सकेगा।

सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 6, 7 और 8 अक्टूबर को होने जा रहे कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को होटल मैरियट में गेट-टुगेदर और सोशलाइजिंग सेशन का आयोजन किया गया। साथ ही तीन दिन चलने वाले खास सेशंस और स्पीकर्स से भी पर्दा उठाया गया। इस दौरान जीतो जयपुर चैप्टर के चेयरपर्सन नितिन जैन, जीतो कनेक्ट 2023 कन्वीनर विमल सिंघवी, को-कन्वीनर सलोनी जैन, जीतो कनेक्ट स्पीकर कमिटी कन्वीनर संदीप जैन, राज गोलेछा और सुनील जैन ने तीन दिन की तैयारियों का जायजा लिया।



फोटो: पंकज शर्मा

### जयपुर को मिलेगा देश के सबसे बड़े उद्यमी का साथ

कार्यक्रम में सबसे खास सेशन होंगे, जहां देश के नामी और जाने-माने उद्यमी, इन्फ्लुएंसर और सेलिब्रिटी यहां लोगों से रूबरू होंगे। इस बारे में जीतो कनेक्ट स्पीकर कमिटी कन्वीनर संदीप जैन में बताया कि लाइव इंटरएक्टिव सेशंस में देश के जाने-माने बिजनेस ओनर्स और टायकून्स जैसे पतंजलि आयुर्वेदा के फाउंडर स्वामी रामदेव, जी बिजनेस के मैनेजिंग एडिटर अनिल सिंघवी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीषकुमार चौहान, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन नवीन जिंदल, एचडीएफसी के एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी नवनीत मुनोत, एयू बैंक के एमडी संजय अग्रवाल, थायरोकेयर के एमडी और चेयरमैन अरोकियस्वामी वेलूमनी, दक्षिण पश्चिमी कमान जयपुर के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल अनंतनारायण अरुण, कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर लिमिटेड के सीईओ लक्ष्मी अय्यर, सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता पवन दुग्गल, उग्रो कैपिटल के एमडी सचिन्द्र नाथ, अमेजन के आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के हेड ऑफ प्रोडक्ट साहिल गुप्ता, संजय घोड़ावत ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष संजय घोड़ावत, ओयो के ग्लोबल चीफ ऑपरेटिंग और प्रोडक्ट अफसर अभिनव सिन्हा सहित 50 स्पीकर्स ऑडियंस को विभिन्न विषयों पर संबोधित करेंगे। जीतो जयपुर चेयरपर्सन नितिन जैन ने बताया कि जीतो कनेक्ट फैशन-लाइफस्टाइल की चमक के साथ ही शहर के युवाओं को नई तकनीक, बिजनेस मॉड्यूल और सोशलाइजिंग के बारे में ज्यादा जानने को मिलेगा।

# महिला आरक्षण बिल 50-50 होता तो ज्यादा अच्छा होता

बेधड़क | जयपुर

महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण बिल का आना खुशी की बात है, लेकिन इससे काम नहीं चलेगा। वैसे ये 50-50 होता तो ज्यादा अच्छा होता। हालांकि, इससे महिलाओं को आगे बढ़ाने में काफी फर्क पड़ेगा। बात की जाए जयपुर की तो यह तो मुझे अपना मायका लगता है। मैं काफी समय से यहां की संस्थाओं और लोगों से जुड़ी हुई हूं। यह कहना था वर्सेटाइल एक्ट्रेस कुनिका सदानंद का, जो जयपुर में शनिवार को होने वाले फोर्टी विमन विंग-वीमेन ऑफ द फ्यूचर अवॉर्ड-सीजन-8 के प्री- इवेंट में बोल रही थीं।




**55 महिलाओं को दिए जाएंगे अवॉर्ड:** फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री विमन विंग की अगुवाई में होने वाली इस नेशनल अवॉर्ड सेरेमनी में 55 महिलाओं को फोर्टी विमन विंग-वीमेन ऑफ द फ्यूचर अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री संगीता बिजलानी, कुनिका सदानन्द, सुजैन बर्नर्ट, नंदिता ओम पुरी, सिंगर-एक्ट्रेस इला अरुण सम्मानित करेंगी।

### लगता है घर आ गए

नंदिता ओम पुरी ने कहा, मैं संस्था से कई वर्षों से जुड़ी हुई हूं। जयपुर आकर लगता है, कि घर आ गए हैं। एयरपोर्ट पर आते ही क्या खरीदना है, क्या खाना है, कहां जाना है, किससे मिलना है आदि चीजों शुरू हो जाती हैं। अब यहां अवॉर्ड शो हो रहा है, जिससे महिलाओं को संबल मिलेगा। मुझे पर्सनली इससे खुशी मिलती है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं और ऐसे आयोजन उनको और आगे लेकर जाते हैं।

## निर्झर तेला वालों का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में निर्झर तेला करने वाले भक्तों ने भगवान नेमिनाथ तथा आर्यिका विशेष मति माताजी से तेला व्रत सानन्द संपन्न होने पर आशीर्वाद लिया। इसके पहले मन्दिर प्रबंध समिति व समाज ने तेला करने वाले गार्गी, रचित, प्रिया, रिकी, नितिन, कुसुम, प्रमोद, रिसी व ज्योति का माला पहना कर सम्मान किया। बग्घी व गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया और दिन में रत्न त्रय तेला करने वाली मनीषा काला की विनतियां आयोजित हुई। शाम को भक्ति संध्या में जिनवर की गीत व नृत्य द्वारा दस लक्षण संपन्न होने पर भक्ति हुई।

## प्रांतीय बंधुत्व यात्रा रवाना

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी की 10 दिवसीय साहित्यकार अंतर प्रांतीय बंधुत्व यात्रा को राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर से रवाना किया। गांधी जयन्ती पर पोरबंदर स्थित कीर्ति मंदिर मे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के सानिध्य मे आयोजित सर्व धर्म प्रार्थना सभा में ब्रजभाषा काव्य पाठ होगा। महेश शर्मा ने कहा कि सद्भाव व माधुर्य से भरपूर ब्रजभाषा का देश-विदेश में प्रचार किया जाना चाहिए।



अकादमी सचिव गोपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश बैरवा यात्रा संयोजक विट्ठल पारीक सहित अन्य साहित्यकारों ने शर्मा का स्वागत किया। यात्रा में राज्य से ब्रजभाषा के 11 साहित्यकार शामिल हैं।

## गीत-गोष्ठी में झलका बचपन



**बेधड़क, जयपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी और महर्षि दधीचि स्कूल की ओर से आयोजित समारोह में वरिष्ठ गीतकारों ने बचपन के रंग में ढले गीतों की बौछारें की। नाहरगढ़ रोड स्थित स्कूल में गीतकार देवेन्द्र भारद्वाज 'वैर' ने अच्छा होता यदि उम्र में बड़ा न होता, रसगुल्ले की चर्चा सुनकर प्रफुल्लित होता से गोष्ठी का आगाज किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित वयोवृद्ध संस्कृत विद्वान 94 वर्षीय पं. प्यारे मोहन शर्मा नें देवेन्द्र भारद्वाज की पुस्तक जीवन का विमोचन करते हुए कहा कि कवि सच्चे अर्थों में प्रजापति होता है।

# City इवेंट्स

## दूरदर्शन केंद्र में हिंदी पखवाड़े का समापन



**बेधड़क, जयपुर।** दूरदर्शन केंद्र जयपुर में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के अपर महानिदेशक राजेंद्र प्रसाद नागर रहे। नागर ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी जन जन की भाषा बने क्योंकि भाषा हमारी आशा है, हमारी संवेदना है। इस अवसर पर हिंदी का विस्तार एवं उसकी समस्याएं नामक विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को वरिष्ठ साहित्यकार सत्यनारायण व्यास ने संबोधित किया। व्यास ने हिंदी की विकास यात्रा पर गहराई से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को उप महानिदेशक अभियांत्रिकी एवं कार्यालय प्रमुख दूरदर्शन सतीश देपाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने काव्यात्मक अंदाज में सरकारी कामकाजों में हिंदी के प्रोत्साहन पर बल दिया। पखवाड़े के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मण दास व्यास ने कहा कि हिंदी के विकास में लोक प्रसारण माध्यमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम को निदेशक अभियांत्रिकी निलेश खंडेलवाल एवं राजभाषा अधिकारी पी .एन. त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजभाषा अनुभाग से जुड़े हुए कार्यक्रम निर्माता वीरेंद्र कुमार परिहार ने किया।

## वायलिन वादन ने किया मंत्र मुग्ध



**बेधड़क, जयपुर।** पुणे से आए दृष्टि बाधित शास्त्रीय गायक निनाद शुक्ला ने राग श्याम कल्याण में बड़ा ख्याल एक ताल में बोलन लागे पपीहा... तथा छोटा ख्याल तीन ताल में पियरवा मोर रे... प्रस्तुत किया। मौका था रंगशिल्प संस्था की ओर से हुए आयोजन का। तबले पर पीयूष कुमार और हारमोनियम पर गिरिराज बालोदिया ने संगत कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां दीं। लगभग 13 छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ वायलिन बजाकर दर्शकों की दाद पाई।

## शेखावाटी प्रवासी स्नेह मिलन कल

**बेधड़क, जयपुर।** शेखावाटी प्रवासी परिवार प्रताप नगर की ओर से रविवार को पन्नाधाय सर्किल स्थित शिवम गार्डन में सामूहिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रतापनगर, जगतपुरा और सीतापुरा क्षेत्र में रहने वाले प्रवासी शेखावाटी परिवारों के बीच सामाजिक सामंजस्य बढ़ाने के लिए स्नेह मिलन और सहभोज कार्यक्रम में सौहार्द को बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में शेखावाटी के कलाकारों द्वारा शेखावाटी के परंपरागत घूमर, गींदड़, चरी और चंग धमाल नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

## प्रोजेक्ट रक्षा लॉन्च कर दिए कई टिप्स

# 2500 छात्राओं ने निर्भया स्क्वॉड से लिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



बेधड़क | जयपुर

युवतियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर मजबूत बनाया गया। मौका था प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) के 10 वर्ष पूरे होने पर सिटी पैलेस में निर्भया स्क्वॉड के सदस्यों द्वारा 2500 छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने का।

इस अवसर पर पीडीकेएफ का नया प्रोजेक्ट रक्षा लॉन्च किया गया। 'प्रोजेक्ट रक्षा' महिलाओं को सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप्स और कानूनी सहायता से शारीरिक और कानूनी रूप से स्वयं की रक्षा करने में सशक्त बनाने में मदद करेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) राजस्थान के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम मुख्य अतिथि थे।

मंच पर पीडीकेएफ की प्रेसिडेंट सांसद दीया कुमारी, महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के एमेरिटस चेयरपर्सन डॉ. एम एल स्वर्णकार और पीडीकेएफ की जनरल सेक्रेटरी गौरवी कुमारी मौजूद रहीं। निम्बाराम ने छात्राओं से कहा कि आत्मरक्षा सीखने के लिए उचित माइंड सेट, शरीर और चेहरे के हाव-भाव और अभ्यास करते रहना महत्वपूर्ण है।

सब इन्सपेक्टर निर्भया स्क्वॉड इंदिरा अहलावत के नेतृत्व में निर्भया स्क्वॉड की मास्टर्स ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। आत्मरक्षा के टिप्स और टेक्नीक्स को प्रदर्शन से सिखाया।

अहलावत ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न हैल्पलाइन नम्बर्स, साइबर सेल, महिलाओं से संबंधित कानून व नियमों से अवगत कराया।

## यूएसपीए लेजेंड्स कप आज

**जयपुर।** लेजेंड्स कप का पहला संस्करण जयपुर के राजस्थान पोलो क्लब में शनिवार को होगा। यूएस पोलो एसोसिएशन और मेयो एलुमनाई एसोसिएशन ऑफ सदर्न इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से 'लेजेंड्स कप' बाय यूएस पोलो एसोसिएशन इवेंट होगा। मेयो एलुमनाई जयपुर टीम में पद्मनाभ सिंह, प्रताप सिंह कानोता, विक्रमादित्य सिंह बरकाना और द्रौण शेखावत-भूमंजय सिंह-दिव्यराज राठौड़ शामिल हैं।

## रूहानी नामचर्चा सत्संग कल

**जयपुर।** पावन महापरोपकार (गुरुगद्दी नशीनी) माह की खुशी में रविवार को डेरा सच्चा सौदा की ओर से जयपुर में रूहानी नामचर्चा सत्संग होगा। मानसरोवर वीटी रोड शिप्रा पथ पुलिस थाना के सामने होने वाले आयोजन के बारे में डेरा सच्चा सौदा के 85 मैंबर संपूर्ण सिंह इन्सां ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के शाह सतनाम सिंह महाराज ने 23 सितंबर 1990 को पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां को पावन गुरुगद्दी की बख्शिश दी थी। इसी उपलक्ष में डेरा सच्चा सौदा की साध संगत सितंबर महीने को पावन महापरोपकार माह के रूप में मनाती है।

## बच्चों ने प्रस्तुति से मोहा मन



**बेधड़क. जयपुर।** मेरी पहल संस्था ने अंनतचतुर्शी पर श्रीदक्षिणमुखी गणेश मंदिर ग्रीन वाटिका कॉलोनी नांगल जैसा में महोत्सव आयोजित किया। कार्यक्रम में गणेशजी को गंगाजल में पंचामृत से स्नान करवाकर पोशाक, फूल माला (गुलाब, गेंदा, दुर्वा, मोगरा) से श्रृंगार कर हवन, मूंग, बेसन, मोतीचूर के लड्डू, चूरमा बाटी व फलों का तथा श्रीसिद्धिविनायक अष्टोत्तरशतनामावली नाम का लड्डुओं का भोग लगाया। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिल जीत लिया। कार्यक्रम में पंडित कपिल सारस्वत, पंडित मुकेश शर्मा ने पूजा अर्चना की गई।

## वर्ल्ड हार्ट डे पर साइकिल रैली



**बेधड़क, जयपुर।** वर्ल्ड हार्ट डे पर इटर्नल हॉस्पिटल और टाइगर राइडर ग्रुप की ओर से साइकिल रैली इटर्नल हार्ट राइड का आयोजन किया गया। इटर्नल हॉस्पिटल सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश ने बताया कि रैली को गांधी सर्किल से एडीजीपी दिनेश एमएन, डीसीपी ट्रैफिक प्रह्लाद सिंह कृष्णिया, इटर्नल हॉस्पिटल डायरेक्टर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. संजीव शर्मा ने रवाना किया। हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा ने बताया कि जुम्बा डांस, हेल्थ टॉक शो जैसी एक्टिविटीज की गई। सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संजीव शर्मा ने लोगों को दिल को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए। इसके बाद लोगों को सीपीआर ट्रेनिंग दी गई। इटर्नल हॉस्पिटल सांगानेर के डॉ. सुप्रिय जैन ने बताया कि रैली में शामिल हुए सभी लोगों को उपहार दिए गए।

**शेखावाटी साहित्य संगम** | भारत का स्व-वर्तमान चुनौतियां व हमारी भूमिका पर विमर्श

# स्वत्व की अनुभूति करने के लिए श्रद्धा का होना जरूरी

बेधड़क | जयपुर/सीकर

परिवार, समाज व राष्ट्र का स्वत्व चेतना में निहित है। स्वत्व की अनुभूति के लिए श्रद्धा आवश्यक है। जब तक देश के प्रति श्रद्धा नहीं होगी, तब तक स्व का भाव जागृत नहीं हो सकता। शेखावाटी साहित्य संगम में यह कहना था मुख्य वक्ता मेजर सुरेंद्र पूनिया का, जो 'भारत का स्व-वर्तमान चुनौतियां व हमारी भूमिका' पर संबोधित कर रहे थे।



### पुस्तक पर परिचर्चा

तृतीय सत्र में लेखक तेज सिंह राठौड़ ने अपनी पुस्तक झील का दर्द (कहानी संग्रह) पर परिचर्चा की। उन्होंने उदयपुर जाने पर झील को देखने पर जो एक व्यथा उनके अंदर उमड़ी और जल के प्रति जो संवेदनाएं मन में आई उल्लेखित किया। इस पहले वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में संस्थानों के प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। विजेताओं में विधि शर्मा, प्राची दाधीच, सलोनी आदि मौजूद रहे।

### 33% आरक्षण होना भी बहुत बड़ी बात

50% महिलाओं वाले देश में 33% ही आरक्षण क्यों? पर कहा, कि मध्यकाल में महिलाओं की अवनति हुई और उसका असर अब तक दिखता है। 33% आरक्षण होना भी वर्तमान में बहुत बड़ी बात है और आरक्षण या बिल इस तरह के संसद में पास हो जाना ही काफी नहीं। इसे जमीनी स्तर पर और समाज में सुचारू करना चुनौती रहेगी।

### चंद्रयान-3 की सफलता में महिलाओं का रहा है विशेष योगदान

इससे पूर्व सेशन में भाग्यश्री ने प्राचीन काल से अब तक भारत के विकास में महिलाओं की भागीदारी उनकी उन्नति, अवनति और सशक्तिकरण पर बात की। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में वेद लिखने से लेकर मध्यकाल में कई शासन को महिलाओं द्वारा चलाया गया तथा वर्तमान में चंद्रयान मिशन की सफलता में भी महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। श्रोताओं के पूछे गए प्रश्न 'सोशल मीडिया का भारतीय परिवार व्यवस्था पर असर' के जवाब में भाग्यश्री ने कहा कि वर्तमान में चल रहे टीवी सीरियल में मुख्य रूप से सास बहू की आपसी तकरार वाले धारावाहिकों का समाज में बहुत बुरा असर पड़ा है। भारतीय परिवार व्यवस्था और सास-बहू के संबंध इस तरह नहीं हुआ करते थे, जिस तरह आज स्थिति हो गई है। धारावाहिक तथा ओटीटी प्लेटफॉर्म फिल्म परिवार विच्छेद और भारतीय परंपरा को नष्ट करने वाले षड्यंत्र का हिस्सा है

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शनिवार, 30 सितंबर, 2023





भाषा शरीर का ऐसा अदृश्य अंग है, जिसमें इंसान का पूरा व्यक्तित्व दिखाई देता है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**पाकिस्तान: बलूचिस्तान में दो मस्जिदों के समीप आत्मघाती बम विस्फोट...**

# 55 लोगों की मौत, 50 लोग घायल

एजेंसी | कराची

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक मस्जिद के समीप शुक्रवार को एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया और इस घटना में कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई और करीब 50 अन्य लोग घायल हो गए।

पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन 'ईद ए मिलाद उन नबी' मनाने के लिए मस्जिद के बाहर एक रैली के वास्ते भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे और उसी दौरान यह विस्फोट हुआ। इसके कुछ घंटों बाद खैबर पख्तूनख्वा के हांगू शहर में एक अन्य मस्जिद में हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान में मस्तुंग जिले के अल फलाह रोड पर मदीना मस्जिद के समीप विस्फोट हुआ। अभी किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



**कनाडा के पीएम ट्रूडो का रुख नरम, बोले...**

# भारत से करीबी संबंध को प्रतिबद्ध

एजेंसी | टोरंटो

कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ करीबी संबंध स्थापित करने को लेकर 'बहुत गंभीर' है, क्योंकि उसकी आर्थिक ताकत बढ़ रही है और वह एक अहम भूराजनीतिक भागीदार है, लेकिन वह चाहते हैं कि भारत खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए कनाडा के साथ मिलकर काम करे। ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के आरोप लगाए हैं, जिसके कारण भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है।

भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' और 'निहित स्वार्थों से प्रेरित' बता खारिज कर दिया है। एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित करने पर जवाबी कार्रवाई करते हुए एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को भारत से निष्कासित कर दिया था।



### अपने आरोपों को बताया 'विश्वसनीय'

ट्रूडो ने कहा कि भारत के खिलाफ 'विश्वसनीय आरोपों' के बावजूद, कनाडा उसके साथ निकट संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रूडो ने मॉन्ट्रियाल में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए कनाडा और उसके सहयोगियों का उसके साथ 'रचनात्मक और गंभीर तरीके से' जुड़े रहना 'अत्यंत महत्वपूर्ण' है।

### भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति

ट्रूडो ने संवाददाताओं से कहा, 'भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भागीदार है। और जैसा कि हमने पिछले साल अपनी हिंद-प्रशांत रणनीति में कहा था, हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं।' ट्रूडो ने कहा कि उन्हें अमेरिका से आश्वासन मिला है कि अमेरिकी विदेश मंत्री अपने भारतीय समकक्ष के साथ बैठक के दौरान निज्जर की हत्या में भूमिका को लेकर सार्वजनिक रूप से भारत पर लगाए गए आरोपों का मामला उठाएंगे।

**विदेश मंत्री जयशंकर 5 दिन की वाशिंगटन यात्रा पर**

# ब्लिंकन से की मुलाकात

एजेंसी | वाशिंगटन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में जारी कूटनीतिक तनातनी के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से यहां मुलाकात की। इस दौरान, दोनों नेता भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, अंतरिक्ष और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग जारी रखने पर सहमत हुए। जयशंकर पांच दिन की वाशिंगटन यात्रा पर हैं।

भारत में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली उच्च स्तरीय बातचीत है। विदेश मंत्री ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन से विदेश मंत्रालय में मुलाकात करके अच्छा लगा। प्रधानमंत्री की जून में हुई यात्रा पर बनी सहमतियों पर चर्चा की, वैश्विक विकास पर भी विचार-विमर्श हुआ। जल्द ही होने वाली 'टू प्लस टू' बैठक के संबंध में रूपरेखा तैयार की।'



### भारत करेगा मेजबानी

जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत 'टू प्लस टू' वार्ता के पांचवें संस्करण की मेजबानी करेगा। हालांकि, उन्होंने इन बैठकों की तारीख के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। अनुमान है कि नवंबर की शुरुआत में ये बैठकें आयोजित की जाएंगी। वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन करेंगे। वहीं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। ब्लिंकन के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए जयशंकर रक्षा मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने ब्लिंकन से कहा, 'मैं 'टू प्लस टू' के लिए दिल्ली में आपकी मौजूदगी को लेकर उत्सुक हूं।'

### जी20 में सामने आए नतीजों पर भी चर्चा

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि दोनों शीर्ष राजनयिकों ने 'कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान सामने आए मुख्य नतीजे, भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे का निर्माण और इसकी पारदर्शी, टिकाऊ एवं उच्च-मानक बुनियादी ढांचा निवेश उत्पन्न करने की क्षमता से जुड़ी बातचीत शामिल है।' बैठक के बाद मिलर ने एक बयान में कहा, 'दोनों नेताओं ने आगामी 'टू प्लस टू' वार्ता से पहले विशेष रूप से रक्षा, अंतरिक्ष और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में सतत सहयोग के महत्व पर जोर दिया।'

**बाइडेन ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया, कहा...**

# उनका व्यक्तिगत सत्ता में ज्यादा विश्वास

एजेंसी | टेम्पे (अमेरिका)

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह और उनके सहयोगी देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप देश के मूल्यों को बरकरार रखने के बजाय व्यक्तिगत सत्ता में ज्यादा विश्वास रखते हैं। अपने मित्र और रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सीनेटर दिवंगत जॉन मैक्केन की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में बाइडन ने अपने चुनाव प्रचार अभियान की प्रमुख थीम 'अमेरिका को फिर से महान बनाओ' पर जोर दिया। बाइडेन ने कहा, ''हम सभी को याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र को बंदूक के दम पर खत्म नहीं किया जाता। वह तब खत्म हो सकता है, जब लोग चुप हों, जब वे लोकतंत्र पर खतरे की निंदा न कर पाएं।' अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए 2024 में होने वाले चुनाव में अभी एक साल से ज्यादा का वक्त है, लेकिन बाइडेन का ट्रंप पर ध्यान केंद्रित करना पूर्व राष्ट्रपति की स्थिति को दर्शाता है, जो चार मुकदमों का सामना करने के बावजूद अपनी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे हैं।



### मौत का मजाक उड़ाया, अधिकारी को ड्यूटी से हटाया

**सिएटल।** अमेरिका की सिएटल पुलिस के उस अधिकारी को गश्त ड्यटी से हटा दिया गया है, जिसने एक भारतीय छात्रा की मौत का मजाक उड़ाया था। दक्षिण एशियाई समुदाय की मांग पर यह कदम उठाया गया। जनवरी में पुलिस के तेज रफ्तार गश्ती वाहन की टक्कर से भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत हो गई थी। वहां एक पुलिस अधिकारी के 'बॉडीकैम' की फुटेज में आरोपी हंसता दिख रहा है।

**पाकिस्तान ने फिर फैलाए मदद के लिए हाथ**

# दो मित्रों से मांगे 11 अरब डॉलर

एजेंसी | इस्लामाबाद

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने घरेलू और विदेशी मुद्रा भंडार के अंतर को पाटने की कोशिश में चीन और सऊदी अरब से 11 अरब अमेरिकी डॉलर की मदद मांगी है।

यह इसलिए कि देश में निर्वाचित सरकार के गठन तक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आईएमएफ का बेलआउट कार्यक्रम पटरी पर रहे। पाकिस्तान ने कार्यवाहक सरकार के खुदरा, कृषि और रियल एस्टेट क्षेत्रों में कर दायरे को प्रभावी ढंग से विस्तारित करने और अवैध मुद्रा की आवाजाही के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने के दबाव के बीच यह मांग की है।

रिपोर्ट के अनुसार यह जानकारी इस्लामाबाद में गुरुवार को सीनेटर सलीम मांडवीवाला की अध्यक्षता में वित्त और राजस्व पर सीनेट की स्थाई समिति के समक्ष कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर द्वारा जारी एक विस्तृत नीति बयान का हिस्सा है।

अख्तर ने कहा कि सरकार वर्तमान में एक आर्थिक पुनरुद्धार योजना पर काम कर रही है, जिसे जल्द ही कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकर के सामने पेश किया जाएगा और वित्त पर सीनेट की स्थाई समिति के साथ साझा किया जाएगा।


**नासा में हो रही है टेस्टिंग**

# US एयरफोर्स की पहली 'एयर टैक्सी'

एजेंसी | वाशिंगटन

कैलिफोर्निया की जोबी एविएशन ने अमेरिकी वायु सेना को उनकी पहली इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी दी है। यह ऑल इलेक्ट्रिक टेकऑफ एंड लैंडिंग एयरक्राफ्ट है।

यह असल में उड़ने वाली कार है, जिसकी टेस्टिंग दो साल से हो रही थी। यह पहली टैक्सी अमेरिकी वायु सेना ने हासिल की है। वायु सेना इसकी मदद से शहरी और हवाई यातायात को सुधारने का काम करेगी। इस काम में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा भी मदद कर रही है। नासा के एडवांस्ड एयर मोबिलिटी (एएएम) मिशन के इंटीग्रेशन मैनेजर परिमल कोपरडेकर ने कहा कि यह भविष्य तय करने वाला मिशन है।



### इसके लिए लाने होंगे पायलट

इस टैक्सी के लिए अगले साल से बेसिक ढांचों की शुरुआत करनी है। पायलट लाने होंगे। एडवांस हार्डवेयर लाने होंगे, ताकि पूरे देश में इसे चलाया जा सके। नासा इसकी टेस्टिंग कर रही है। नासा इस कार का परफॉर्मेंस देखेगी। ये भी जांच की जा रही है कि इसका इस्तेमाल कहां-कहां हो सकता है। कोपरडेकर ने कहा कि इस राष्ट्रीय मिशन के तहत हम देश भर में भविष्य की विमानन सेवाओं की उपयोगिता की जांच कर रहे हैं। अगले कुछ सालों में ऐसी सेवाएं पूरे देश में देखने को मिलेंगी।

### टेस्ट पास करना आसान नहीं

कोपरडेकर कहते हैं कि इससे अमेरिका में एक नई एविएशन इंडस्ट्री खड़ी हो जाएगी, लेकिन इस टेस्ट को पास करना आसान नहीं होगा, क्योंकि टेस्ट के दौरान एयरक्राफ्ट की तकनीक, उड़ान के तरीके, आवाज, प्रदूषण का स्तर, संचार व्यवस्था, इमरजेंसी प्रणालियों समेत सैकड़ों जांचें की जाएगी। इसकी उड़ान परीक्षण के दौरान 50 से ज्यादा माइक्रोफोन का उपयोग होगा, ताकि आवाज से यह पता कर सके कि इससे क्या फायदे होंगे और नुकसान होगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl